26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 17 मार्च, 2026

अंक- 142 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# पाकिस्तान की एयरस्ट्राइक से काबुल दहला

# अस्पताल पर गिराया बम, 400 की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। अफगानिस्तान का दावा है कि पाकिस्तान ने राजधानी काबुल के एक अस्पताल को एयरस्ट्राइक में निशाना बनाया है। इसमें 400 लोगों की जान चली गई और 250 से ज्यादा लोग घायल हो गए। हालांकि, पाकिस्तान की ओर से इन आरोपों को ख़ारिज कर दिया गया है।**



अफगानिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफत जमान ने बताया कि काबुल में नशा मुक्ति केंद्र के तौर पर इस्तेमाल हो रहे एक अस्पताल पर हमला किया गया, इस हमले में कई मासूमों की जान चली गई। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ़ ज़ैदी ने अफगानिस्तान के आरोपों को पूरी तरह से निराधार बताते हुए खारिज कर दिया। पाकिस्तान के सूचना मंत्रालय ने भी साफ किया कि हमले बेहद सटीक थे और केवल मिलिट्री ठिकानों और आतंकवादी इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया गया था, किसी भी ऐसे जगह को टारगेट नहीं किया गया, जहां आम लोग रह रहे थे। दोनों देशों के बीच यह तनाव सीमा पर भी बढ़ता जा रहा है। अफगान अधिकारियों के अनुसार, हाल ही में सीमा के पास हुई गोलाबारी में चार लोग मारे गए, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। वहीं पाकिस्तान यह आरोप लगाता रहा है कि अफगानिस्तान में मौजूद अलग-अलग उग्रवादी संगठन उसके देश में हमले करते हैं। दूसरी ओर, तालिबान सरकार इन आरोपों से इनकार करती आई है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अफगानिस्तान से आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है ताकि इलाके में स्टेबिलिटी बनी रहे। फरवरी के अंत से दोनों देशों के बीच हमले तेज हुए हैं और यह झड़पें अब तीसरे हफ्ते में एंट्री कर चुकी हैं।


## होटल में स्टाफ की आवश्यकता

2. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी
वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)
योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव

2. वेटर/बेल ब्वॉय
वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार (दिन/रात शिफ्ट)
योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना

होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747


# राज्यसभा चुनाव- हरियाणा में रात तक हंगामा

## कांग्रेस विधायकों ने की क्रॉस वोटिंग

### एनडीए ने 37 में से 22 सीटें जीतीं, 10 सीटों का फायदा

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** हरियाणा में राज्यसभा की 2 सीटों पर चुनाव के दौरान जोरदार हंगामा हुआ। सोमवार को शाम 4 बजे वोटिंग खत्म हो गई थी, लेकिन दो कांग्रेस विधायकों के वोटों पर भाजपा की आपत्ति के कारण रात 10.25 बजे काउंटिंग शुरू हो सकी, जो रात 1.30 बजे तक चली। वोटिंग से लेकर रिजल्ट तक की प्रक्रिया में 16 घंटे लगे। ओडिशा और हरियाणा में कांग्रेस के विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की। बिहार में विपक्ष के 4 विधायक वोट डालने ही नहीं पहुंचे। इससे भाजपा को फायदा मिला। 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों के चुनाव में 26 पर प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए। इनमें से 9 सीटें एनडीए के खाते में गईं। विपक्ष को 2 सीटें मिलीं। तीन राज्य हरियाणा, बिहार और ओडिशा में 11 सीटों पर चुनाव हुए। एनडीए ने 22 और विपक्ष ने 15 सीटें जीतीं हैं। एनडीए को 10 सीटों का फायदा हुआ है। पहले एनडीए के पास 12 और विपक्ष के पास 25 सीटें थीं।


पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



सांवलिया सेठ
(श्याम बाबा) के
दर्शन करें।
प्राचीन शिव मंदिर
अग्रवाल धर्मशाला
रम्मू का चौराहा, बिजनौर
मो. 9927652453



Great Indian Academy
(Affiliated to CBSE, New Delhi)

Hiring Now!

OPEN POSITIONS:

- Computer Science Teacher
- English TGT
- Science TGT
- Mathematics PRT
- Kindergarten Mother Teacher
- Librarian

Free transport Facility and attractive salaries for Deserving Candidates from Bijnor

Send your CV / Resume by 23rd March 2026 to:
gia.director@yahoo.com
+91-8392923261, +91-8755552800



बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

Mob. 7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# पानी की तलाश में आबादी की ओर रुख़ करने लगे वन्य जीव





( फोटो वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर दीप रजवार से प्राप्त )

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में इन दिनों वन्य जीव पानी की तलाश में सड़क पार करते दिखाई दे रहे हैं। गर्मी के शुरूवात और जंगल के अंदर जलस्त्रोतों के सूखने के कारण प्यासे वन्य जीव अब पानी की तलाश में जंगल से बाहर निकलकर सड़कों और आबादी की ओर रुख करने लगे हैं। इससे न केवल उनके जीवन पर खतरा मंडरा रहा है, बल्कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की आशंका भी लगातार बढ़ती जा रही है। बताया जा रहा है कि जंगल के कई प्राकृतिक जलस्त्रोतों में पानी का स्तर काफी कम हो गया है। ऐसे में रॉयल बंगाल टाइगर, हिरण, हाथी और कछुआ के साथ अन्य वन्य जीव पानी की तलाश में जंगल की सीमाओं से बाहर निकलकर सड़कें पार करते हुए आसपास के क्षेत्रों की ओर बढ़ रहे हैं। कई बार ये वन्य जीव मुख्य मार्गों को पार करते समय वाहनों की चपेट में आने के खतरे का भी सामना कर रहे हैं।

वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर दीप रजवार का कहना है कि पिछले कुछ दिनों में देर शाम और रात के समय सड़कों पर वन्य जीवों की आवाजाही बढ़ गई है। अचानक सड़क पर वन्य जीवों के आने से वाहन चालकों को भी खतरा बना रहता है। वहीं वन्य जीवों के घायल या मारे जाने की घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा समय रहते जंगल के भीतर कृत्रिम जलस्त्रोतों में पानी की व्यवस्था की जा रही है। परंतु उसमें तेजी लानी होगी, क्योंकि तापमान धीरे-धीरे बढ़ रहा है। इसलिए वन्य जीव जंगल से बाहर आने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जंगल के भीतर पर्याप्त पानी उपलब्ध होने पर वन्य जीव स्वाभाविक रूप से अपने प्राकृतिक आवास में ही रहते हैं। इसलिए वन विभाग को गर्मी के मौसम में जल प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। जिससे वन्य जीवों की सुरक्षा के साथ-साथ मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को भी रोका जा सके। हालांकि विभाग इसके लिए लगातार प्रयासरत है।



फोटो दीप रजवार।

**इस संबंध में उप प्रभागीय वन अधिकारी बिंदर पाल का कहना है। प्राकृतिक जल स्त्रोतों में पानी एकत्र हो रहा है। जबकि कृत्रिम तालाबों में टैंकर द्वारा पानी भरवाया जा रहा है।**

# पांच दिवसीय शैक्षिक भ्रमण पर हैं 40 छात्राएं



**झालू ( चिंगारी )।** पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज झालू की 40 छात्राओं ने सोमवार को पांच दिवसीय शैक्षिक भ्रमण शुरू किया, जो उत्तराखंड के प्रमुख संस्थानों पर केंद्रित है। व्यावहारिक ज्ञान से समृद्ध होने के उद्देश्य से यह दल सबसे पहले हरिद्वार के पतंजलि योगपीठ पहुंचा, जहां से उन्हें वन अनुसंधान संस्थान देहरादून और आईआईटी रुड़की का दौरा कराया जाएगा। प्रधानाचार्या चारु के नेतृत्व में शिक्षिकाओं नेहा, सुमित्रानंदनी, राजकुमारी, रजनी श्रीवास्तव, तनु, सलोनी व सेविका संगीता के निर्देशन में छात्राएं वानिकी, जैव विविधता, पर्यावरण संरक्षण, तकनीकी शिक्षा और आधुनिक शोध कार्यों की बारीकियां सीखेंगी। प्रधानाचार्या चारु ने बताया कि कक्षा से बाहर यह अनुभव छात्राओं को शिक्षा, विज्ञान व पर्यावरण के क्षेत्रों को निकट से समझने में मदद करेगा, जिससे उनका भविष्य नई दिशा पाएगा। अध्ययन यात्रा प्रभारी नेहा व सुमित्रानंदनी के मुताबिक भ्रमण में संस्थानों की कार्यप्रणाली, शोध गतिविधियां व आधुनिक तकनीकों पर फोकस रहेगा, जो छात्राओं के ज्ञानकोष को मजबूत बनाएगा। भ्रमण में सृष्टि, मानसी, हिमानी, गायत्री, आशी, इलमा, अंशिका चौधरी, हंसिका, नमीरा बानो, श्रेया शर्मा, कशिश, योगिता, डोली, अंशिका राठी, पूजा रानी, अकुल शर्मा, सिमरा, मनी चौधरी, युविका, प्रांजुल चौधरी, रिया चौधरी, हर्षिका चौधरी, पारुल, रितिका, महिमा, संध्या आदि छात्राएं शामिल हैं




गैस की किल्लत से रसोई की व्यवस्था चरमराई (पेज 11)



# ईदुल फ़ित्र की तैयारी ज़ोर-शोर से जारी



ईदगाह पर सफाई करते हुए कर्मचारी

**बिजनौर (चिंगारी)।** ईदुल-फित्र मनाने की तैयारियां की जा रही हैं। बाजारों में रौनक बढ़ गई है। मुसलमान बड़े पैमाने पर ईद संबंधी सामान की खरीदारी कर रहे हैं। विशेष रूप से कपड़ों, किराना और जूतों की दुकानों पर भारी भीड़ है। घरों में सफाई आदि का काम भी तेजी से चल रहा है। इसी के साथ बिजनौर ईदगाह की सफाई का काम युद्धस्तर पर चल रहा है, जबकि ईदगाह की रंगाई-पुताई का काम पूरा हो चुका है। नगरपालिका कर्मचारी ईदगाह क्षेत्र की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने में लगे हुए हैं। ईद का त्यौहार 20 या 21 मार्च को मनाये जाने की उम्मीद है।

## ईदगाह में ईद की नमाज 8 बजे- शहर काजी

**बिजनौर (चिंगारी)।** शहर काजी बिजनौर काजी माजिद अली ने बताया कि ईदगाह बिजनौर में ईद की नमाज सुबह ठीक 8:00 बजे अदा की जाएगी। काजी साहब ने तमाम मुसलमानों से अपील की है कि वह वक्त का ख्याल रखते हुए ठीक समय पर ईदगाह पहुंचकर ईद की नमाज अदा करें और सरकार की गाइडलाइन का ख्याल करते हुए कोई भी आदमी बाहर सड़क पर नमाज न अदा करे। ईदगाह के बराबर में जो बाग है, उसमें नमाज का इंतजाम किया गया है। अगर ईदगाह भर जाए तो उस बाग में लोग चले जाएं, किसी भी हालत में सड़क पर कोई भी नमाज न पढ़ें। इसी के साथ शहर काजी ने ईद-उल-फित्र का त्यौहार शांति और साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ पुरखुलूस माहौल में मनाने की अपील की है।

मैं राह का चराग हूं सूरज तो हूं नहीं, जितनी मेरी बिसात है काम आ रहा हूं मैं

सभी देशवासियों, जनपदवासियों एवं नगरवासियों को
मुक़द्दस रमज़ान की
दिली मुबारकबाद



वसीक अहमद
पूर्व सभासद
नगरपालिका परिषद, बिजनौर
मो. मिर्दगान बी-10, बिजनौर

सत्ताईसवां रोजा : मंगलवार, 17 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:30, शिया 6:39
अटठाइसवां रोजा : बुधवार, 18 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:00, शिया-4:53

## बंद है राशन की दुकान दूर से लाना पड़ता सामान

**पैजनिया (चिंगारी)।** ब्लॉक हल्दौर के ग्राम जलावदीपुर में राशन डीलर के इस्तीफा देने के कारण पिछले कई महीने से राशन की दुकान बंद है। गांव के लोगों को राशन लेने दो किमी. दूर पावटी जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने नये राशन डीलर का चुनाव कराने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार गांव के राशन डीलर शाहनवाज ने कई महीने पहले अपना इस्तीफा दे दिया था, तब से गांव की दुकान बंद है, जिससे ग्रामीण परेशान हैं। प्रशासन ने नये डीलर का चुनाव न कराकर गांव के सारे कार्ड पावटी के राशन डीलर के पास भेजकर राशन की व्यवस्था कर दी, जिससे ग्रामीण गांव से दो किमी. दूर पावटी से राशन लाने को विवश हैं।

## ट्रिपलर पर गिरा हाईटेंशन बिजली का तार, बड़ा हादसा होने से बचा

**पैजनिया (चिंगारी)।** कल शाम नूरपुर हाईवे के किनारे हाई टेंशन लाइन का तार टूटकर ट्रिपलर पर गिरने से लोगों में अफरा-तफरी मच गई, जबकि तार की चपेट में आने से कई लोग बाल-बाल बचे। सोमवार की शाम करीब 7:30 बजे नूरपुर हाईवे के किनारे जयराम सैनी के घर के सामने हाई टेंशन लाइन का तार टूटकर उसके भाई जागेश सैनी के घर के बाहर खड़े ट्रिपलर पर गिर गया, जिससे ट्रिपल में चिंगारी निकलने लगी और वहां खड़े लोगों में भगदड़ मच गई। इसके अलावा तार का एक हिस्सा टूटकर तालाब में गिर गया, जिससे मछलियां तड़प उठीं। जयराम सैनी ने आरोप लगाया कि बिजलीघर के कर्मचारियों ने प्राथमिक विद्यालय से केबल डालकर उनके घर तक ही छोड़ दिया और आगे कमजोर लाइन लगा दी गई, जिससे कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। उन्होंने केबिल को आगे तक लगाने की मांग की है। जयराम सैनी का कहना है कि यदि यह हादसा दिन में होता तो बराबर में प्राथमिक विद्यालय में अनहोनी हो सकती है। इस संबंध में जेई मनोज कुमार ने बताया कि रात में तार को जुड़वा दिया गया है और खराब तार को जल्द बदलने का कार्य किया जाएगा।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी




मात्र 21999/- के डाउन पेमेंट पर 160 CC की बाइक घर ले जायें और त्यौहारों को और खुशगवार बनायें।

कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## तथाकथित संत और समाज

हमारे समाज में संतत्व की यशस्वी-गौरवशाली परंपरा रही है और आज के कई कथित संत उसे बर्बाद करने पर तुले हैं। ऐसे लोगों को हम-आप ही सिर पर चढ़ाते हैं। ऐसे बाजारू संतों की लम्बी फहरिस्त है। कोई एक समाज के दम पर अपनी जायदाद बढ़ा रहा है, तो दूसरा अन्य समाज का रहनुमा बना है। किसी को एक वर्ग के लोगों ने आगे बढ़ा रखा है, तो कोई किसी और समाज के नाम पर अपनी दुकान चला रहा है। विडम्बना है कि संतों ने सदैव समाज का मार्गदर्शन किया है और उन्हें सही दिशा दी है, लेकिन पिछले कुछ दशकों में ऐसे तथाकथित संतों की बाढ़ आ गई है, जो संतत्व की आड़ में अनैतिक और अवैध कार्यों में संलिप्त हैं। यहां तक कि कई नामी संत दुष्कर्म जैसे मामलों में सजायाफ्ता हैं। हालांकि इसके लिये समाज भी उतना ही जिम्मेदार है, जितने कि संत के वेष में छिपे असामाजिक तत्व हैं। कौन इन संत बने लोगों से हिसाब मांगता है कि इनकी करोड़ों की संपत्ति कहां से आई? इतना ही नहीं, ऐसे कथित संतों की अधकचरी जानकारी से विविधतापूर्ण महान भारतीय धार्मिक और सांस्कृतिक परम्परा का कितना नुकसान हो रहा है, इसका अनुमान लगाना कठिन नहीं है। अब समय आ गया है कि इनकी मनमानी बयानबाजी और अकूत सम्पदा पर भी तंत्र का किसी न किसी रूप में नियंत्रण हो। लोकतंत्र के नाम पर धर्म को बर्बाद करने वालों को खुल कर खेलने की छूट नहीं दी जा सकती। लोकतंत्र का अर्थ मानव समाज और उसकी विशेषताओं को आगे बढ़ाना है, न कि उसे अंधकार में ले जाना। अब समय आ गया है कि हमें यह तय करना होगा कि भारतीय समाज को जड़ सोच से उभारते हुए सभी कमजोर वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ना है या हल्की-फुल्की बहसों के बाद लोकतंत्र विरोधी प्रभावशाली लोगों/संतों, पंचायतों और ऐसे ही अन्य तत्वों को जिंदा रखना है। अगर उन्हें जिंदा रखना है तो बुझा दीजिए वह सारी मोमबत्तियां जो आये दिन यौन पीड़ित महिलाओं के लिए आये दिन जलायी जाती हैं। राजनीति और तंत्र तो बेशर्म होते जा रहे हैं, लेकिन क्या हम सब भी इसी कतार में शामिल होंगे?

# क्या बिहार में भाजपा का तीसरा दांव बाकी है?

अभी पहले फैसले की गूंज पूरी तरह थमी भी नहीं थी कि दूसरा बड़ा निर्णय सामने आ गया। नीतीश कुमार का राज्यसभा के लिए नामांकन। बिहार की राजनीति में दो दशकों तक मुख्यमंत्री रहे नेता का अचानक राज्यसभा की ओर जाना सामान्य घटना नहीं है। यह कदम बिहार की सत्ता संरचना को सीधे प्रभावित करता है। क्योंकि इसके साथ ही यह सवाल खड़ा हो गया कि अब राज्य की कमान किसके हाथ में होगी?

-पवन वर्मा

राजनीति में चौकाने की कला बहुत कम दलों के पास होती है। हाल के महीनों में भारतीय जनता पार्टी ने यह कला फिर दिखा दी है। पहले बिहार से आने वाले नेता नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाना और उसके कुछ ही महीनों बाद नीतीश कुमार को राज्यसभा की राह दिखाना। ये दोनों फैसले ऐसे रहे, जिन्होंने बिहार ही नहीं, राष्ट्रीय राजनीति के विश्लेषकों को भी चौका दिया। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या बिहार की राजनीति में भाजपा का तीसरा दांव अभी बाकी है, और वह दांव किस रूप में सामने आएगा? पहले इन दो फैसलों की राजनीतिक पृष्ठभूमि को समझना जरूरी है। भाजपा की राजनीति अक्सर लंबी रणनीति पर आधारित होती है। पार्टी कई बार ऐसे कदम उठाती है, जो पहली नज़र में अचानक लगते हैं, लेकिन उनके पीछे दूरगामी राजनीतिक गणित छिपा होता है। बिहार के संदर्भ में पिछले चार महीनों में जो घटनाएं हुई हैं, वे इसी रणनीतिक शैली की ओर संकेत करती हैं।



जब नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया, तो यह केवल संगठनात्मक निर्णय नहीं था। राष्ट्रीय राजनीति में बिहार के एक नेता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी देना कई संकेतों से भरा हुआ था।

पहला संकेत यह था कि भाजपा बिहार को राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में रखकर अपनी रणनीति बना रही है। दूसरा संकेत यह था कि पार्टी राज्य की राजनीति में नये नेतृत्व को आगे लाने के लिए तैयार है और तीसरा संकेत यह था कि संगठनात्मक स्तर पर बिहार की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण होने जा रही है।

नितिन नबीन लंबे समय से बिहार की राजनीति में सक्रिय रहे हैं। संगठन, सरकार और चुनाव, तीनों स्तरों पर उनका अनुभव रहा है। लेकिन उन्हें सीधे राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी देना एक ऐसा फैसला था, जिसकी पहले व्यापक चर्चा नहीं थी। यही कारण है कि यह निर्णय राजनीतिक हलकों में अप्रत्याशित माना गया।

अभी पहले फैसले की गूंज पूरी तरह थमी भी नहीं थी कि दूसरा बड़ा निर्णय सामने आ गया। नीतीश कुमार का राज्यसभा के लिए नामांकन। बिहार की राजनीति में दो दशकों तक मुख्यमंत्री रहे नेता का अचानक राज्यसभा की ओर जाना सामान्य घटना नहीं है। यह कदम बिहार की सत्ता संरचना को सीधे प्रभावित करता है, क्योंकि इसके साथ ही यह सवाल खड़ा हो गया कि अब राज्य की कमान किसके हाथ में होगी? नीतीश कुमार लंबे समय तक बिहार की राजनीति का केंद्रीय चेहरा रहे हैं। गठबंधन बदलते रहे, लेकिन सत्ता का संतुलन अक्सर उनके इर्द-गिर्द ही बना रहा। ऐसे में उनका राज्यसभा जाना बिहार की राजनीति में एक युग के अंत और नये दौर की शुरुआत की तरह देखा जा रहा है।

यदि इन दोनों घटनाओं को अलग-अलग देखा जाए तो ये केवल राजनीतिक फैसले लग सकते हैं। लेकिन यदि इन्हें एक साथ देखा जाए, तो इनके भीतर एक बड़ी रणनीति की झलक मिलती है।

पहले बिहार से एक नेता को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करना और फिर राज्य की सत्ता संरचना में बड़ा परिवर्तन लाना यह क्रम संकेत देता है कि भाजपा बिहार को लेकर दीर्घकालिक राजनीतिक योजना पर काम कर रही है। यह योजना केवल वर्तमान सरकार तक सीमित नहीं हो सकती। इसका संबंध आने वाले चुनावों और उससे आगे की राजनीति से भी हो सकता है। नीतीश कुमार की विदाई के बीच अब राजनीतिक चर्चा का केंद्र यही है कि बिहार का नया मुख्यमंत्री कौन होगा? इस समय सवाल केवल नाम का नहीं है, बल्कि उस राजनीतिक संतुलन का है जो आगे की राजनीति को तय करेगा। मुख्यमंत्री का चयन करते समय कई कारक सामने आते हैं। सामाजिक समीकरण, संगठनात्मक संतुलन, गठबंधन की मजबूती और चुनावी रणनीति। बिहार की राजनीति में अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि यह पद किस दल के पास जाएगा या किस चेहरे को आगे लाया जाएगा। लेकिन इतना तय है कि यह फैसला साधारण नहीं होगा। यहीं से तीसरा सवाल जन्म लेता है कि क्या मुख्यमंत्री चयन में भी भाजपा कोई ऐसा फैसला ले सकती है जो सबको चौका दे? भाजपा का हाल का राजनीतिक इतिहास बताता है कि पार्टी कई बार ऐसे चेहरे सामने लाती है जिनकी पहले व्यापक चर्चा नहीं होती। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उड़ीसा, गुजरात, छत्तीसगढ़ राज्यों में मुख्यमंत्री चयन के समय यह शैली दिखाई दे चुकी है। ऐसे फैसलों के पीछे पार्टी का तर्क होता है कि नया चेहरा संगठन के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध होगा और सत्ता संतुलन को नये ढंग से स्थापित कर सकेगा।

बिहार में भी यह संभावना पूरी तरह से खारिज नहीं की जा सकती। यदि पार्टी यह मानती है कि राज्य की राजनीति में नया प्रयोग करने का समय है, तो वह अपेक्षित दावेदारों की जगह किसी नये चेहरे को सामने ला सकती है। इस पूरे समीकरण में जनता दल (यूनाइटेड) की स्थिति भी महत्वपूर्ण है। जदयू के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह नीतीश कुमार के बाद अपनी राजनीतिक पहचान को कैसे बनाए रखे। पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में कई अनुभवी नेता हैं, लेकिन नीतीश के कद का नेतृत्व तैयार करना आसान नहीं होगा, इसलिए जदयू के सामने भी यह चुनौती है कि वह ऐसा चेहरा सामने लाए जो पार्टी को एकजुट रख सके।

प्रेरक-प्रसंग

# बचपन मासूमियत भरा होना चाहिए, अपने बच्चों को ऐसी बातों से दूर रखें, जिनसे वासना जागती है!

ब्रह्मा जी की मानस पुत्री संध्या घोर तप कर रही थीं। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर शिव जी प्रकट हुए। शिव जी ने संध्या से कहा, देवी आपने बड़ा अद्भुत तप किया है। अब जब मैं प्रकट हुआ हूं तो मुझे आपको वरदान देना है। मैं चाहता हूं कि आप वर मांग लो और मुझे जाने दो। संध्या ने कहा, आपके दर्शन हो गए हैं। आप वर देना चाहते हैं तो मैं अपने लिए कुछ नहीं मांगती, लेकिन मेरा आपसे एक निवेदन है कि इंसान का जब जन्म हो तो काम, क्रोध, लोभ और मोह, ये चार दुर्गुण उसे घेर लेते हैं। आप ऐसा कुछ आशीर्वाद दीजिए कि इंसान को बाल्यावस्था में काम नाम का दुर्गुण न सताए। शिव जी ये बात सुनकर बहुत प्रसन्न हुए और कहते हैं, संध्या, आपने बहुत बड़ी बात मांग ली है और मैं तुम्हें वरदान देता हूं कि मनुष्य को बचपन में काम नहीं सताएगा। कुछ परिस्थितियों में बचपन जाते समय और किशोरावस्था आते समय कामवासना जाग सकती है, लेकिन बचपन काम से मुक्त रहेगा। ये वर देकर शिव जी चले गए। उस समय संध्या ने जो वरदान मांगा, मानवता आज भी उसके लिए अनुग्रहित है, क्योंकि एक बच्चे में चार अवगुणों में से तीन अवगुण क्रोध, लोभ और मोह तो होते ही हैं, लेकिन काम नहीं होता। अगर संध्या ने वरदान न मांगा होता तो बचपन से ही कामवासना जाग जाती तो पता नहीं मनुष्य का जीवन कैसा होता।

**सीख- बचपन की सरलता इसी में है कि वह काम मुक्त रहे और उसे वासना से बचाया जाए। आज ऐसी परिस्थितियां बन गई हैं कि बहुत कम उम्र में ही बच्चे में कामवासना जाग रही है। माता-पिता को प्रयास करना चाहिए कि बच्चे गलत बातों से दूर रहें। उन्हें सुख-सुविधाओं के साथ ही अच्छे संस्कार भी जरूर दें।**

# सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग पर डीएम हुईं सख्त

## डी व सी ग्रेड वाले विभागों को प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड, सीएमआईएस पोर्टल पर अंकित निर्माण कार्यों तथा पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे सर्वेक्षण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान डी व सी रैंक प्राप्त करने वाले विभागों पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी को संबंधित अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड योजनाओं की निगरानी का महत्वपूर्ण डिजिटल माध्यम है, जहां जिलों की योजनाएं रियल टाइम ट्रैक होती हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि रैंकिंग में किसी भी स्तर पर गिरावट न आने दी जाए तथा योजनाओं की प्रगति में अपेक्षित सुधार सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कृषि सम्मान निधि, शहरी विद्युत आपूर्ति, पीएम व सीएम आवास योजना, पंचायत राज व राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना सहित अन्य विभागों की कम रैंकिंग पर नाराजगी जताते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। साथ ही अपूर्ण परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर उन्हें संबंधित विभागों को हस्तांतरित करने पर भी जोर दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए दिनकर भारती, उपायुक्त मनरेगा आर.बी. यादव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी लक्ष्मी देवी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।




सभी क्षेत्रवासियों को **मुकद्दस रमज़ान** की दिली मुबारकबाद



**विवेक सेन**

सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20

सत्ताईसवां रोजा : मंगलवार, 17 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:30, शिया 6:39
अठाइसवां रोजा : बुधवार, 18 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:00, शिया-4:53


# आंधी से गेहूं की फसल बिस्तर की तरह खेतों में बिछ गई

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** रविवार-सोमवार की अर्द्धरात्रि आंधी तथा बादलों की गरज-चमक के साथ आई बारिश से तमाम खेतों में गेहूं की फसल बिस्तर की तरह बिछ गई है। इससे गेहूं के दाने की क्वालिटी प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। साथ ही गेहूं काटने में भी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा।



रविवार-सोमवार की रात्रि लगभग 12 बजे जोरदार आंधी आई थी। आंधी तथा घन गरज-चमक के साथ बारिश हुई। आंधी के कारण खेतों में खड़ी गेहूं की फसल भूमि पर बिस्तर की भांति बिछ गई है। दरअसल गेहूं की फसल में बालियां निकल गई हैं, जिससे गेहूं के पौधे वजनदार हो गये हैं। इसके चलते आंधी चलने पर गेहूं की फसल नीचे गिर गई है। जोरदार आंधी के कारण खेतों में तथा सड़कों के किनारे खड़े तमाम पेड़ या तो जड़ से उखड़ गये हैं या आंशिक रूप से टूट गये हैं। आंधी से आम के पेड़ों का बौर भी काफी मात्रा में झड़ गया है।

# घर के बाहर खेल रहे बच्चे का अपहरण कर चाकू से घायल किया

## लहूलुहान हालत में कब्रिस्तान के पास पड़ा मिला बच्चा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** एक महिला ने कुछ लोगों पर उसके सात वर्षीय बेटे का अपहरण कर चाकू से हमला करने का आरोप लगाया है। उधर, महिला ने शहर कोतवाली पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। एसपी ने शहर कोतवाली को कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

मोहल्ला मिर्दगान निवासी उजमा पत्नी शादाब वर्तमान में कांशीराम कॉलोनी में रहती हैं। महिला का आरोप है कि उसका सात वर्षीय बेटा मोहम्मद साद 12 मार्च को घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान कुछ लोग नकाब पहनकर आए और उसे उठाकर ले गए। विरोध करने पर आरोपियों ने बच्चे पर चाकू से कई जगह वार कर दिये। महिला का कहना है कि जब बच्चा देर तक घर नहीं लौटा तो उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान कॉलोनी के कुछ लोगों ने बताया कि उनका बेटा कब्रिस्तान के पास लहूलुहान हालत में मिला। महिला ने दानिश चिकना, अकबर, गुडिया, नवील, फरमान कड़वा और सोनू मुल्ला पर बेटे को उठाकर ले जाने और हमला करने का आरोप लगाया है।

**मां ने एसपी से की कार्रवाई की मांग**

पीड़िता का आरोप है कि वह 12 मार्च को घटना की तहरीर लेकर शहर कोतवाली गई थीं, लेकिन पुलिस ने न तो उनकी रिपोर्ट दर्ज की और न ही बच्चे का मेडिकल कराया। महिला ने एसपी से प्रार्थना-पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की है। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है।

# वर्धमान कॉलेज में चार दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला का शुभारंभ

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वर्धमान कॉलेज बिजनौर के शिक्षक शिक्षा विभाग में चार दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्रीति खन्ना (प्राचार्या वर्धमान कॉलेज बिजनौर) रहीं। प्रो. प्रीति खन्ना ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए आर्ट एंड क्राफ्ट के कौशलों को जीविकोपार्जन हेतु आवश्यक विद्याओं में से एक बताते हुए इन कौशलों में प्रवीण होने के प्रति प्रेरित किया। विभागाध्यक्षा प्रोफेसर पदमश्री ने बताया कि शिक्षा को केवल किताबों तक सीमित न रखें, बल्कि कला और रचनात्मकता के माध्यम से उसे जीवंत बना दें। प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार ने बच्चों को



हस्तकला की उपयोगिता और विशेषता के बारे में बताया। साथ ही विषय विशेषज्ञ डा. प्रज्ञा ने आर्ट एंड क्राफ्ट की चार दिवसीय कार्यशाला के बारे में छात्र-छात्राओं को प्रयोगात्मक जानकारी प्रदान की। डा. निदा खान, डा. टीना अग्रवाल, डा. अनुराधा शर्मा, डा. अनुकंपा, डा. चेतना शाक्य आदि उपस्थित रहे। छात्रा अदिति और वंशिका ने सरस्वती गीत प्रस्तुत किया और कार्यक्रम का संचालन डा.टीना अग्रवाल द्वारा किया गया।

# दुकान से चांदी के सिक्के व मूर्ति चोरी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** चोरों ने एक दुकान से 50 हजार रूपए कीमत के चांदी के तीन सिक्के व चांदी की लक्ष्मी गणेश की मूर्ति चोरी कर ली। पांच माह के भीतर इस दुकान में चोरी की दूसरी वारदात है। थाने में दी गई तहरीर में नगर के मुहल्ला कटारमल निवासी सदानंद धोडके पुत्र सुखदेव ने बताया कि उसकी ढाली बाजार स्थित उसकी दुकान में सोने, चांदी के आभूषण की गलाई व सफाई का कार्य होता है। चोरों ने दुकान से चांदी के तीन सिक्के व चांदी की लक्ष्मी गणेश की मूर्ति चोरी कर ली, जिनकी कीमत लगभग 50 हजार रूपए है। दुकान स्वामी के अनुसार 23 अक्टूबर 2025 को भी उसकी दुकान में लगभग दो लाख रुपए की चोरी हुई थी।

# धूमधाम से मनाया स्कूल का वार्षिकोत्सव

**नहटौर ( चिंगारी )।** कुंवर महिपाल सिंह सेकेंडरी स्कूल कश्मीरी का वार्षिकोत्सव 'शिक्षा शक्ति' थीम पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि वित्तविहीन प्रबंध समिति मंडलाध्यक्ष संजीव चौहान ने फीता काटकर किया। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।



कश्मीरी स्थित विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजीव चौहान, कुंवरपाल सिंह, अंकुश प्रधान, आदि ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि संजीव चौहान ने छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रिंसिपल ललिता चौहान ने विगत वर्ष की स्कूल की शैक्षिक रिपोर्ट के बारे में विस्तार से चर्चा की। छात्रों ने पारंपरिक वेशभूषा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जो काफी आकर्षक का केंद्र रही। इस दौरान उन्होंने नारी शक्ति मिशन के अंतर्गत नारी को शिक्षित होने के लिए प्रेरित करने वाले कार्यक्रम की भी विशेष प्रस्तुति दी। अध्यक्षता अतुल कुमार चौहान ने की और संचालन शिक्षक मुकुल चौहान व छात्र माही चौहान ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को नरेंद्र सिंह, लवजी यादव, तिलक राम, अमरेंद्र सिंह, अंकुश प्रधान आदि ने भी संबोधित किया।

# इस बार, फिर बनानी है भाजपा की सरकार : लीना सिंघल

## नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधियों को किया सम्मानित



**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा की पूर्व क्षेत्रीय मंत्री श्रीमती लीना सिंघल के निवास पर आयोजित नवनिर्वाचित मण्डल अध्यक्ष को एवं जिला प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ, जिसमें धामपुर नगर अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, ग्रामीण अध्यक्ष भावीराज सिंह, जिला प्रतिनिधि जितेन्द्र गोयल एवं हेमन्त चौहान का शॉल व भाजपा का पटका एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक लीना सिंघल ने कहा कि आगामी वर्ष 2027 के आरम्भ में होने वाले विधान सभा चुनाव में भाजपा की जीत पुनः सुनिश्चित करनी है जिससे प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बने। लीना सिंघल ने मण्डल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल एवं भावीराज सिंह से आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में धामपुर विधान सभा में शानदार जीत होगी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने का आवहन किया। कार्यक्रम में धामपुर ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष भावीराज सिंह एवं नहटौर ग्रामीण अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, भाजपा जिला मंत्री पुरूषोत्तम अग्रवाल आदि ने भी अपने विचार रखे इस अवसर पर नगर पालिका सदस्य सुमित महेश्वरी, उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, मंत्री विनीत कौशिक, भाजपा युवा मौर्चा जिला महामंत्री ललित सैनी, जिला मंत्री पुल्कित भारद्वाज एवं नगर अध्यक्ष अभिषेक सिसौदिया, शेखर अग्रवाल, शिक्षाविद् डी.एस. चौहान, जैतरा पब्लिक स्कूल के प्रबन्धक सतीश चौहान, वैश्य समाज नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, हनुमान सेवा संस्थान के अध्यक्ष मयंक अग्रवाल संयोजक पकंज भटनागर, सुभाष कौशिक, पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष एस.पी. सलुजा, आशीष त्यागी, वीर बहादुर सिंह, रविन्द्र त्यागी, प्रांतीय पार्षद भूपेन्द्र सैनी आदि उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री नागेश्वर दयाल गहलौत ने किया।

# गौरीशंकर मंदिर कमेटी का गठन



अमित रस्तौगी | संजय जैन | राहुल गुप्ता | शिवांश शर्मा

**धामपुर (चिंगारी)।** श्री साईं पैथोलॉजी लैब खारी कुआं पर हुई बैठक में श्री गौरी शंकर मंदिर कमेटी की वर्ष 2026 की कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अमित रस्तोगी (ग्लोबल ग्राफिक्स) अध्यक्ष, संजय जैन महामंत्री, राहुल गुप्ता एडवोकेट कोषाध्यक्ष, शिवांश शर्मा को उपकोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में अनिल अग्रवाल कटका, सुशील माहेश्वरी, सौरभ मालपानी, शरद कौशिक, डॉक्टर ईश्वर चन्द्र शर्मा, दिव्य आलोक शर्मा, जितेंद्र वर्मा, आशुतोष वर्मा, आशीष शर्मा बिट्टू, अभिषेक गुप्ता, जितेंद्र शर्मा एड., रोहित माहेश्वरी, सुगम जैन आशु आदि उपस्थित रहे।

# बाबा खाटूश्याम के दरबार में हुआ सामूहिक पूजन

धामपुर (चिंगारी)। नगीना मार्ग स्थित दुर्गा विहार कॉलोनी के श्री नवदुर्गा बाबा खाटू श्याम मंदिर मे पुलिस विभाग के उप निरीक्षक गिरिराज सिंह चौहान के परिवार की ओर से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। मुख्य यजमान छाया देवी चौहान, मुदित कुमार चौहान, वैष्णवी रानी चौहान आदि रहे। पूजन कार्यक्रम पंडित अमित कुमार वशिष्ठ एवं पंडित सुमित कुमार वशिष्ठ ने मंत्रोच्चारण के बीच संपादित कराया। मंदिर के पीठाधीश्वर आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ महाराज ने बाबा के दरबार में माथा टेकने पहुंचे श्रद्धालुओं को मोर पंखी के माध्यम से आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके मस्तक पर तिलक लगाया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक श्याम वंदना व आरती के साथ किया गया।



खाटू श्याम दरबार में उपस्थित श्रद्धालु।

# किसानों की समस्याओं को लेकर मिल के उपाध्यक्ष से मिला प्रतिनिधिमंडल

## मांग-पत्र दिया

**धामपुर (चिंगारी)।** वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष हरीराज सिंह के नेतृत्व में धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता से मिले एक प्रतिनिधिमंडल ने किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में अवगत कराया गया है कि मिल द्वारा किसानों को दवाई तो दी जा रही है परंतु जब किसान प्राइवेट दुकानों से खाद लेने जाते हैं तो दुकानदार कहते हैं कि जहां से दवाई ली है वहीं से खाद भी लो। ज्ञापन में शुगर मिल व गन्ना समिति से सामान्य गन्ने का बीज दिलाए जाने, गन्ना सप्लाई पर किसानों को प्रेसमंड खाद निःशुल्क दिये जाने तथा किसानों को गन्ना सप्लाई पर बोनस के रूप में चीनी दिये जाने की भी मांग की गई है। ज्ञापन में अवगत कराया गया है कि कुछ गन्ना किसानों का अर्ली पर्ची पर सामान्य गन्ना ना तोला गया है जिससे वह नेट पर नहीं आ रहा है इसलिए नेट पर पर्ची चढ़वा कर तुरंत गन्ना मूल्य भुगतान कराया जाए। प्रतिनिधिमंडल में विनोद शर्मा, डॉक्टर जसवंत सिंह, तारा सिंह, मदन सिंह, राजेंद्र कुमार, प्रेमराज सिंह, राम सिंह चौहान, अखिलेश कुमार, हरनाम सिंह, भानु प्रताप सिंह, रणजीत सिंह, लेखराज सिंह आदि शामिल रहे।

## जैन समाज का चुनाव हुआ

**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर जैन समाज के पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ जिसमें पंकज जैन अध्यक्ष, सुधाकर जैन सचिव, सार्थक जैन को कोषाध्यक्ष चुना गया।

# तेजी से चल रहा सड़क चौड़ीकरण का काम

**धामपुर (चिंगारी)।** दुर्गा विहार कॉलोनी से राजपूताना रिजॉर्ट तक सड़क के चौडीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। इसी बीच

## नगीना मार्ग पर लगे विद्युत पोल हटाये जा रहे पीछे

नगीना मार्ग पर लगे विद्युत खम्बो को हटाकर पीछे लगाने के साथ लाइनों को शिफ्ट किया जा रहा है । डॉक्टर अंकुर वर्मा के क्लीनिक के बाहर रखे हुए ट्रांसफार्मर को पीछे शिफ्ट करके बिजली लाइनों को शिफ्ट किया जा रहा है। इसके अलावा जेसीबी मशीन सड़क की साइड जब खोद रही थी तो सुभाष कौशिक के मकान के बाहर जाने वाली मुख्य पाइपलाइन जेसीबी मशीन से फट गई जिससे नगीना चौराहे के कई मोहल्ले में पानी की आपूर्ति बंधित हो गई है जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत लाइन बदलने वाले वालों में पवन त्यागी ठेकेदार, योगेश शर्मा, नितिन त्यागी, कोमल सिंह आदि मौजूद रहे।




नगीना मार्ग पर लाइन शिफ्ट करते हुए लाइनमैन।

# आरएसएम के रासेयो शिविर में स्वयं सेवकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी

**धामपुर (चिंगारी)।** आर.एस.एम. कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (छात्र इकाई) के शिविर के तृतीय दिवस ग्राम सरकड़ा-चकराजमल में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ के नेतृत्व में 'आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण तथा ग्रामीण विकास हेतु सरकार की कल्याणकारी योजनाएं' पर सर्वेक्षण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शाखा प्रबंधक अमित चौहान ने स्वयंसेवकों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना के अंतर्गत किसानों को मिलने वाले ऋण एवं उस पर दी जाने वाली ब्याज सब्सिडी के बारे में बताया। इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल के चीफ इंजीनियर सोमपाल सिंह यादव ने बताया कि भविष्य में कृषि के विद्यार्थी किस प्रकार शुगर मिल उद्योग से जुड़कर अपने करियर के अवसर विकसित कर सकते हैं। स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम सरकड़ा में आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण किया गया, जिसके माध्यम से ग्रामीणों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति से संबंधित जानकारी एकत्रित की गई तथा ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनसे लाभ उठाने को कहा। कार्यक्रम में डॉ. हिमांशु त्रिपाठी, डॉ. देवेश पाठक, डॉ. कौशिक प्रसाद, डॉ. विवेक यादव, राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# दुर्घटना में थ्री व्हीलर-चालक सहित कई सवारियां घायल

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला मुमताज हुसैन निवासी थ्री व्हीलर चालक शमीम अहमद सोमवार की प्रात: थ्री व्हीलर में सवारियां बैठाकर धामपुर की ओर से अफजलगढ़ आ रहा था। जैसे ही वह अफजलगढ़ में प्रवेश से पूर्व शुगर मिल के पास पहुंचा तो पीछे की ओर से आ रहे एक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर थ्री व्हीलर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा होते ही वाहन चालक मौके से वाहन सहित फरार हो गया, जबकि इस दुर्घटना में थ्री व्हीलर चालक शमीम अहमद गंभीर रूप से घायल हो गया एवं उसमें बैठी आधा दर्जन सवारियां भी चोटिल हुईं। सभी घायलों को स्थानीय सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने मामूली रूप से घायल सभी सवारियों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया, जबकि थ्री व्हीलर चालक शमीम अहमद को हायर सेंटर रैफर किया है। थानाध्यक्ष अफ़ज़लगढ़ विजेंद्र सिंह राठी का कहना है कि इस संबंध में अभी कार्यवाही हेतु कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।


अज्ञात वाहन की टक्कर में क्षतिग्रस्त थ्री व्हीलर

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



ठाकुर मूलचंद चौहान
पूर्व राज्यमंत्री
( उत्तर प्रदेश सरकार )
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

सत्ताईसवां रोजा : मंगलवार, 17 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:30, शिया 6:39
अटठाइसवां रोजा : बुधवार, 18 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:00, शिया-4:53

## हाईटेंशन लाइन से गन्ने के खेत में लगी आग

**नहटौर ( चिंगारी )।** हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से किसान का गन्ना जल गया, जिसमें किसान को लगभग 20 हज़ार का आर्थिक नुकसान हुआ है। सोमवार को ग्राम पपसरा निवासी जितेंद्र पुत्र जसराम सिंह के गन्ने के खेत के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन विद्युत लाइन में अचानक चिंगारी उठी, जिससे गन्ने के खेत में आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। खेत में काम कर रहे अन्य लोगों के शोर मचाने पर भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। उन्होंने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त विद्युत लाइन के लिए खंबा लगवाने के लिए पहले भी कई बार शिकायत कर की जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring | Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk
Vasant Kunj New Delhi.

## ट्राली से बाहर निकले गन्ने की चपेट में आकर पति-पत्नी घायल


एम्बुलेंस में सवार घायल पति-पत्नी

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** जनपद हरिद्वार के श्यामपुर का निवासी सोनू (32 वर्ष) अपनी पत्नी रूबी (29 वर्ष), पुत्री वानु (9 वर्ष ) तथा पुत्र वासु (7 वर्ष) के साथ कल नांगल क्षेत्र के ग्राम चंदोक में अपनी रिश्तेदारी में आया था। कल शाम पौने सात बजे जब वह बाइक से वापस श्यामपुर जा रहा था, तो सौफतपुर बिजलीघर के पास उसकी बाइक ट्रैक्टर-ट्रॉली में बाहर निकले गन्नों से टकरा गई। बाइक नीचे गिरने से सोनू तथा उसकी पत्नी रूबी घायल हो गये, जबकि उनके बच्चों को मामूली चोट आई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को 108 एम्बुलेंस द्वारा समीपुर (नजीबाबाद) स्थित सीएचसी भिजवाया।

## चंदूपुरा खाद गोदाम से फिर चोरी हुए डीएपी के कट्टे

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कोतवाली देहात क्षेत्र के चंदुपुरा नसीब स्थित उपखाद गोदाम से डीएपी खाद के सैकड़ों कट्टे चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी की सूचना पर हलका पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। गन्ना विकास परिषद के गन्ना पर्यवेक्षक एवं खाद गोदाम प्रभारी ने इस संबंध में थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### कोतवाली देहात पुलिस नहीं कर रही रिपोर्ट दर्ज

गन्ना पर्यवेक्षक नीटू कुमार पुत्र वेदपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह उपखाद गोदाम चंदुपुरा नसीब के प्रभारी हैं। 16 फरवरी 26 को जब वह खाद वितरण के लिए गोदाम पहुंचे तो देखा कि अज्ञात चोरों द्वारा डीएपी खाद के 301 कट्टे चोरी कर लिए गए हैं। इस संबंध में उसी दिन कोतवाली देहात थाने में सूचना दी गई थी और 17 फरवरी को इसकी पावती भी प्राप्त हुई थी। उन्होंने बताया कि 12 मार्च को उपनिरीक्षक दीपक कुमार के फोन पर सूचना मिलने के बाद वह अपने सहकर्मियों आशुतोष उपाध्याय और प्रदीप कुमार के साथ गोदाम पहुंचे। मौके पर देखा गया कि गोदाम के मुख्य द्वार के ताले गायब थे और केवल एक जंजीर उलझी हुई पड़ी थी। पुलिस की मौजूदगी में गोदाम खोलकर अंदर जांच की गई, तो चैनल और शटर के ताले भी टूटे मिले, जिनमें से एक ताला कटा हुआ था। अंदर खाद के कट्टों की गिनती करने पर 115 डीएपी के कट्टे गायब पाए गए, जबकि 16 फरवरी को 301 कट्टे चोरी हुए थे। दोनों चोरियों में कुल 416 कट्टे चोरी गए हैं।

गन्ना पर्यवेक्षक का आरोप है कि 16 फरवरी को हुई चोरी की तहरीर देने के बाद भी थाना कोतवाली देहात पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। गन्ना पर्यवेक्षक ने दोनों घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज चोरी गए खाद के कट्टों की बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उधर कोतवाली देहात थानाध्यक्ष का कहना है कि घटना सदिंग्ध प्रतीत हो रही है, घटना की जांच की जा रही है।

# पीएम आवास योजना के 558 लाभार्थियों के खातों में पहली किश्त भेजी

### 16 को दिये गये प्रमाण-पत्र

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद के डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में सोमवार को 'प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0' के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पालिका क्षेत्र के 558 लाभार्थियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से आवास निर्माण की प्रथम किस्त हस्तांतरित की गई।

यह कार्यक्रम प्रदेश सरकार के उस व्यापक अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत उत्तर प्रदेश के 90 हजार लाभार्थियों के खातों में कुल 900 करोड़ रुपये की धनराशि भेजी गई है। बिजनौर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह ने की, जबकि संचालन अधिशासी अधिकारी विकास कुमार ने किया। कार्यक्रम में जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) की परियोजना अधिकारी वंदना कुशवाहा विशेष रूप से उपस्थित रहीं।



इस अवसर पर 558 पात्र लाभार्थियों को प्रथम किस्त का लाभ दिया गया, वहीं 16 चयनित लाभार्थियों को मंच पर प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। आवास स्वीकृति मिलने से लाभार्थियों में खुशी का माहौल देखा गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. बीरबल सिंह, डूडा विभाग से चंद्रकांत, सभासद हितेश कुमार सैनी, नीरज कुमार शर्मा, प्रिंस रवि सिद्धार्थ, मनी चौधरी, शमशाद अंसारी, वंदना अग्रवाल और राजवीर सिंह मौजूद रहे। पालिका प्रशासन की ओर से कर निरीक्षक ऋषिपाल सिंह, हिमांशु, दलीप सहित अन्य कर्मचारी व गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

# होर्मुज से 'नंदा देवी' जहाज भी भारत लौटा लाया 47 हजार मीट्रिक टन LPG

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित रूप से शिवालिक के बाद, एक और LPG टैंकर 'नंदा देवी' भारत आ चुका है। 'नंदा देवी' होर्मुज़ जलडमरूमध्य को पार करते हुए वडीनार बंदरगाह पर पहुंच गया है। यह जहाज अपने साथ 47 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस लेकर आया है। यह जहाज गुजरात के वाडीनार बंदरगाह पर पहुंच चुका है। मिडिल ईस्ट में गहराते संकट के बीच, होर्मुज़ जलडमरूमध्य से गुज़रने वाला यह दूसरा जहाज है। एक दिन पहले, दूसरा LPG टैंकर 'शिवालिक' गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर 46,000 मीट्रिक टन से ज्यादा LPG लेकर पहुंचा था। इसमें इतनी LPG थी जो भारतीय घरों में इस्तेमाल होने वाले



14.2 किलोग्राम के करीब 32.4 लाख स्टैंडर्ड घरेलू सिलेंडरों के बराबर थी। अधिकारियों का अनुमान था कि यह अकेला जहाज़ भारत की कुल LPG आयात की ज़रूरत का लगभग एक दिन का हिस्सा पूरा कर सकता है। शनिवार को जहाज़रानी मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया था कि शिवालिक और नंदा देवी के क्रमश: 16 मार्च और 17 मार्च को पहुंचने की उम्मीद है। सिन्हा ने कहा था, फ़ारसी खाड़ी इलाके में मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 24 घंटों में उनके साथ किसी भी अप्रिय घटना की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। फ़ारसी खाड़ी में 24 भारतीय ध्वज वाले जहाज़ मौजूद थे, इनमें से दो जहाज़- शिवालिक और नंदा देवी सुरक्षित रूप से गुज़र गए और अब भारत की ओर बढ़ रहे हैं। दो जहाज़ों के आने से भारत की LPG आपूर्ति स्थिर होने की उम्मीद है, जिससे कमी के व्यापक डर को दूर किया जा सकेगा। फ़िलहाल, कई शहरों में लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं, जबकि छोटे कारोबारी (होटल, रेस्टोरेंट और सड़क किनारे दुकानें चलाने वाले) इस बात से चिंतित हैं कि इस कमी की वजह से उन्हें अपना कारोबार बंद करना पड़ सकता है।

# अब अंडों पर भी लिखनी होगी एक्सपायरी डेट

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश सरकार ने उपभोक्ताओं की सेहत की सुरक्षा के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब 1 अप्रैल से राज्य में हर अंडे पर उत्पादन तिथि (लेड डेट) और एक्सपायरी डेट की मुहर लगाना जरूरी

**पुराने बेचने वाले दुकानदार पर होगी कार्रवाई, उत्तर प्रदेश में नया नियम**



हो जाएगा। इसका मतलब है कि अब दुकानदार 'ताजा अंडा' कहकर पुराने या खराब अंडे नहीं बेच सकेंगे। ग्राहक खुद डेट देखकर समझ सकते हैं कि अंडा कितना पुराना है और कब तक सुरक्षित है। यह नियम पशुपालन विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग के निर्देश पर लागू किया जा रहा है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि अंडे सीधे इंसान के स्वास्थ्य से जुड़े होते हैं। पहले कई जगहों पर पुराने अंडे बेचे जाते थे और ग्राहकों को इसकी जानकारी नहीं होती थी। अब यह नियम लागू होने से पारदर्शिता आएगी और लोगों को सुरक्षित अंडे मिलेंगे।

## अंडे कितने दिन तक सुरक्षित रहते हैं?

सामान्य तापमान (लगभग 30 डिग्री सेल्सियस) पर अंडे सिर्फ 2 हफ्ते तक अच्छे रहते हैं। अगर इन्हें ठंडे स्थान पर (2 से 8 डिग्री सेल्सियस) रखा जाए, तो 5 हफ्ते तक इस्तेमाल किए जा सकते हैं, लेकिन कई दुकानदार और व्यापारी ठंडे स्टोरेज का सही इस्तेमाल नहीं करते थे। अब मुहर से ग्राहक आसानी से चेक कर सकेंगे।

## नियम तोड़ने पर क्या होगा?


अगर कोई व्यापारी या दुकानदार नियम नहीं मानता, तो उसके अंडे जब्त कर लिए जाएंगे। या तो उन्हें नष्ट कर दिया जाएगा या उन पर साफ लिख दिया जाएगा कि यह मानव उपभोग के लिए सुरक्षित नहीं है। विभाग सख्ती से जांच करेगा और कार्रवाई करेगा।

## कोल्ड स्टोरेज की स्थिति

यूपी जैसे बड़े राज्य में अभी सिर्फ दो मुख्य कोल्ड स्टोरेज हैं, एक आगरा में और एक झांसी में। खाद्य सुरक्षा के नियमों के अनुसार, अंडों को सब्जियों के साथ एक ही कोल्ड स्टोरेज में नहीं रखा जा सकता, क्योंकि दोनों की तापमान जरूरत अलग होती है। व्यवस्था अभी सीमित है, लेकिन सरकार का कहना है कि बहाने अब नहीं चलेंगे। सभी को नियम मानने होंगे।

# गंगा में नाव पर इफ़्तार पार्टी पड़ी भारी, युवकों पर मुक़दमा दर्ज

**वाराणसी ( एजेंसी/चिंगारी )।** वाराणसी के कोतवाली थाने में पुलिस ने गंगा की पावन धारा में नाव पर सवार होकर इफ़्तार पार्टी करने वाले मुस्लिम युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रमज़ान के दौरान युवकों ने नाव पर इफ़्तार करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था। भारतीय जनता युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष रजत जायसवाल ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि युवकों ने इफ़्तार में चिकन बिरयानी खाकर हड्डियां गंगा में फेंकीं, जिससे पवित्र नदी अपवित्र हुई। यह घटना सनातन धर्मावलंबियों की आस्था को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से की गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। भाजयुमो के महानगर अध्यक्ष ने अपने लेटर पेड पर दी तहरीर में इस कृत्य को निंदनीय और घृणित बताया है। उनका कहना है कि मां गंगा करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र हैं और वहां नॉनवेज खाना एक गहरी साजिश का हिस्सा है।




# मोदी की अर्द्धनग्न फोटो लगाने पर मामला दर्ज

**चांदपुर ( चिंगारी )।** मोबाइल फोन के स्टेटस पर प्रधानमंत्री व अमेरिका के राष्ट्रपति की फोटो एआई के माध्यम अर्द्धनग्न कर तीन महिलाओं के साथ लगाने वाले युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई। थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में एसआई सुभाष चौधरी के अनुसार शमीम पुत्र बुन्दू निवासी ग्राम खानपुर ने अपने मोबाइल के व्हाट्सएप स्टेटस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अर्द्धनग्न फोटो लगाकर छवि धूमिल कर आम जनमानस में विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता व सोहार्द बिगाड़ने का अपराध किया है।

# जंगल में कपड़े छोड़कर युवती लापता

**चांदपुर ( चिंगारी )।** घर से गन्ना छीलने जंगल गई एक युवती लापता हो गई, युवती के पिता ने गांव के ही एक युवक पर उसकी पुत्री को ले जाने का शक जताते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री गन्ना छीलने जंगल गई थी,जब कुछ देर के बाद वह जंगल पहुंचा तो वहां पर वह नहीं थी, गन्ना छीलने के लिए वह जो कपड़े पहनकर आई थी, वह वहां पड़े हुए थे, उन्हें शक है कि उनकी पुत्री को गांव का ही अंकुल ले गया है, क्योंकि उसकी पुत्री से वे फोन पर बातचीत करता था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।




एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम
अब धामपुर में खुलने जा रहा है
आवश्यकता है-
मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक
मो. 9119766026

25 हजार तक की डिस्काउंट

आवश्यकता है
*वर्कशॉप सुपरवाइजर
*मैकेनिक

*नियम व शर्तें लागू

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# विश्नोईयों का मंदिर, जहां चैत्र अमावस्या पर लगता है मेला






–अशोक मधुप

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर–मंडावर मार्ग पर मुहम्मदपुर देवमल में विश्नोईयों का मंदिर है। मंदिर गांव से लगभग छह–सात किलो मीटर दूर जंगल में है। यहां प्रत्येक साल होली के बाद चैत्र अमावस्या को मेला लगता है। इस बार चैत्र अमावस्या 18 मार्च की है। जिले से बड़ी तादाद में श्रद्धालु यहां आते हैं। गुरू श्री जंभेश्वर महाराज जी द्वारा लगाए खेजड़ी वृक्ष पर श्रद्धालु कलावा बांधकर अपनी मन्नतें मांगते हैं। सवेरे हवन होता है। उसके बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारा होता है। कुछ श्रद्धालु यहां गुरू जी के कथनानुसार पौधे भी रोपते हैं।

मान्यता है कि श्री जंभेश्वर महाराज राजस्थान के समराथल धोरा से चलकर नदी किनारे मोहम्मदपुर देवमल के जंगल में अपनी जमात के साथ सन् 1533 ई. में आकर यहां रुके, तब यह वन क्षेत्र था। यह स्थान नदी किनारे होता था। गुरु महाराज ने अपने रुकने के दौरान यहां अपने हाथों से खेजड़ी का वृक्ष लगाया और छह माह तक यहां रूककर तप किया। आज इस स्थान पर गुरू जंभेश्वर महाराज द्वारा लगाए गये खेजड़ी के कई वृक्ष हैं। आश्रम के पास लगभग छह बीघे भूमि है। इसमें प्राचीन कुआं और साधु–संतों के रहने के लिए भवन आदि भी हैं। एक मंदिर है। इसमें गुरू जंभेश्वर महाराज की तस्वीर भी लगी है।

बताया जाता है कि गुरू जंभेश्वर महाराज के यहां आने के समय यह वन क्षेत्र गंगा किनारे था, इसीलिए इस स्थान का नाम श्री जंभेश्वर तपोवन आश्रम धाम पड़ा।

चैत्र अमावस्या हिंदू कैलेंडर के नये वर्ष (विक्रमी संवत) से ठीक पहले आती है। यह समय पुरानी नकारात्मकता को छोड़कर आध्यात्मिक रूप से स्वयं को शुद्ध करने का माना जाता है। बिश्नोई समाज, जो प्रकृति और जीव रक्षा के लिए जाना जाता है, इस अमावस्या पर जम्भेश्वर जी की शिक्षाओं का स्मरण करते हुए पर्यावरण शुद्धि के लिए जांभाणी हवन और मेले आयोजित करता है।

93 वर्षीय देवेंद्र विश्नोई बताते हैं कि यहां प्रत्येक साल होली के बाद चैत्र अमावस्या को मेला लगता है। बीकानेर से आए पंडित हवन कराते हैं। उसके बाद भंडारा होता है। सुश्री पूनम विश्नोई और उनके भाई डाक्टर दीपक विश्नोई कहते हैं कि कुछ श्रद्धालु यहां आने वालों के लिए भंडारा करते हैं। कुछ श्रद्धालु इस अवसर पर पौधे रोपते हैं।




## आज भी मौजूद है 300 वर्ष पुराने कुएं में पानी

**गांव के ही हरीश कुमार बिश्नोई 80 वर्ष के पिताजी सुनाते थे श्री जंभेश्वर तपोवन आश्रम का निर्माण लगभग 500 वर्ष पहले किया गया है। आश्रम पर किए गए कुएं का निर्माण भी 300 वर्ष पुराना है, इसमें आज भी पानी मौजूद है।**

## इनका कहना है..

गांव के जितेंद्र कुमार बिश्नोई (85 वर्ष) बताते हैं कि उनके बुजुर्ग कन्हैया लाल से सुनते थे कि बिजनौर शहर से मंडावर रोड होते हुए लगभग 12 किलोमीटर दूर यह आश्रम मोहम्मदपुर देवमल से एक किलोमीटर दूर रावली रोड पर जंगल में स्थित है। पुराने समय में यहां किसी मनुष्य का आना–जाना नहीं था। स्कन्ध पुराण के अध्याय 59 के अनुसार यह काण्व ऋषि आश्रम की सीमा में है। यहां चैत्र अमावस्या को प्रतिवर्ष भव्य एवं विशाल मेला लगता है। इसमें हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश आदि प्रांत से श्रद्धालु आते हैं और खेजड़ी वृक्ष में कलवा बांधकर अपनी मन्नतें मांगते हैं। मन्नत पूरी होने पर आश्रम पर चादर चढ़ाते हैं एवं भंडारे भी करते हैं। अरविंद कुमार (78 वर्ष ) का कहना है कि उनके बुजुर्ग नत्थू सिंह कहते थे यहां प्रतिवर्ष भंडारा व हवन यज्ञ किया जाता है। यहां स्वामी रामेश्वरानंद जी महाराज ने भी राजस्थान के समराथल से आकर यज्ञ किया था।

## मस्जिद हलवाईयान में कुरान मुकम्मल पर की गई अमन–चैन की दुआ

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के मौहल्ला पाईबाग स्थित मस्जिद हलवाईयान में रमजान के मुकद्दस महीने में चल रही तराबीह के दौरान कुरआन पाक मुकम्मल हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद नमाजियों ने मुल्क के अमन–चैन के लिए दुआएं मांगी। तराबीह में हाफिज मुजक्किर ने कुरआन पाक सुनाया, जबकि हाफिज मुमताज ने उसे सुना। इस अवसर पर कारी इकरार ने अपनी तकरीर में कुरआन पाक की अजमत, उसकी तालीमात व इंसानी जिंदगी में उसकी अहमियत पर रोशनी डाली। मस्जिद कमेटी की ओर से इमाम को 10 हजार रुपये नकद व कपडे भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं हाफिज मुजक्किर को भी 10 हजार रुपये व कपड़े देकर उनकी हौसला अफजाई की गई। इस मौके पर तबारूक का खास इंतजाम अरशद फरीदी व आमिर अजमेरी की ओर से किया गया। तस्बीह, टोपी व यासीन शरीफ का इंतजाम शाह फैसल फरीदी व मौ. कलीम ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मस्जिद के सदर तसलीम अहमद फरीदी, राशिद अब्बासी, चौधरी इकरार अहमद फरीदी, शाह फैसल फरीदी, शाह फहद फरीदी, मौ. आदिल फरीदी, जाकिर फरीदी, कलीम, आदिल मसूब, निसार अहमद उर्फ बबलू, हाजी शाकिर, हाजी अकबर, नासिर अब्बासी, गुड्डू, सरताज अहमद फरीदी, फखरे आलम फरीदी, आरिफ फरीदी, हाफिज जुनैद, शादाब जफर, रिहान, अकरम फरीदी आदि शामिल रहे।

## सिगरेट व गुटखा की जमाखोरी कर ब्लैक करने वालों पर कार्रवाई की मांग

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर में बीड़ी, सिगरेट व गुटखा पर ब्लैक व जमाखोरी से रिटेल विक्रेता व ग्राहक काफी परेशान है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जमाखोरी कर ब्लैक करने वाले थोक विक्रेताओं पर छापामारी कर कार्रवाई की मांग की है। नगर में रिटेल में बीड़ी, सिगरेट व गुटखा बेचने तथा इसका प्रयोग करने वाले ग्राहकों ने बताया कि पिछले तीन माह से नगर के काफी संख्या में थोक विक्रेता बीड़ी, सिगरेट व गुटखा की जमाखोरी कर उसे ब्लैक में बेच रहे है। थोक विक्रेता 120 वाला गुटखे का पैकिट 210 रूपए, 160 वाली खैनी का पैकिट 280 रूपए तथा 70 रूपए कीमती की सिगरेट की डब्बी का पैकिट उसका प्रिंट रेट गायब कर 130 रूपए में बेच रहे है। रिटेल विक्रेता व ग्राहकों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से माल की जमाखोरी कर ब्लैक करने वाले थोक विक्रेताओं के गोदामों पर अचानक छापे मारकर जांच कराकर उनके खिलाफ कार्रवाई कराने की मांग की है।

## विश्व उपभोक्ता दिवस पर उपभोक्ता अधिकारों की दी गई जानकारी



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एससीएसटी मंच के विधानसभा अध्यक्ष किशोर कुमार ने उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों तथा कानून में मिले संरक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उपभोक्ताओं को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों व धारा–21 सहित अन्य नियमों के बारे में बताया तथा कहा गया कि यदि किसी उपभोक्ता के साथ धोखाधड़ी, ओवररेटिंग या गलत सेवा होती है तो वह कानून के माध्यम से न्याय प्राप्त कर सकता है। जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के पास प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की जिम्मेदारी है। प्रदेश में उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। साथ ही उन्होंने बताया कि उपभोक्ता मामलों की कैबिनेट मंत्री तथा अपना दल (एस) की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदेश में उपभोक्ताओं को न्याय दिलाने की व्यवस्था मजबूत की जा रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी हमेशा आम जनता व उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए खड़ी है, किसी भी उपभोक्ता को अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने से घबराना नहीं चाहिए। कार्यक्रम में वकील अहमद, तुषार चौधरी (जिला अध्यक्ष विधि मंच), डॉ. देवेंद्र ठाकुर, राजीव राठी सहित पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

# भाजपा की जिला कार्यकारिणी घोषित

## आठ को जिला उपाध्यक्ष, तीन को जिला महामंत्री बनाया

**बिजनौर (चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी ने प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति के उपरांत जिला कार्यसमिति घोषित की है। अतुल मारवाड़ी, रजनी कालरा, जितेन्द्र राजपूत, रवि चौधरी, माया पाल, नीरज विशनोई, फूल सिंह चौधरी व तुषार गौड़ को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं नरेश भाटी, बलराज त्यागी व दिनेश सैनी को जिला महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है। विनोद राठी, शिखा गुप्ता, प्रभात यादव, तिलक राज सैनी, मिथलेश देवी, मोनिका शर्मा, केशव चौधरी व जयवीर पंचवाल जिला मंत्री बनाये गये हैं, जबकि देशबन्धु को जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इनके अलावा दीपक गर्ग मोनू, गोपाल धीमान, विक्रांत चौधरी, अन्नी त्यागी, अश्वनी शर्मा, प्रदीप कौशिक, संदीप तायल, राजकुमार प्रजापति, वीरेन्द्र शर्मा, जुगनेश कुमार, कुलरंजन दीक्षित, सुधीर भुईयार, श्रीमती मनीषा सैनी, सविता प्रजापति, अजीत अग्रवाल, कुलदीप त्यागी, मनोज सिंह, दयानंद शर्मा, संजय चौहान, सौरभ सिसौदिया, विजयपाल सिंह, मुकेश शर्मा, देशराज सिंह, रामौतार शर्मा, सोनम पाल, जितेन्द्र गोयल, मनोज भटनागर, धर्मवीर चौहान, राघव शरण गोयल, नैपाल सिंह, डा. विनीत देवरा, अनिल शर्मा, श्रीमती योजना गुप्ता, अनिल सिंह, बलराम शर्मा, राजकुमार चौहान, दर्पण रावल, डा. दानवीर चौहान, संजीव त्यागी, श्रीमती मधु भूषण, पवन कुमार, सुनील राजपूत, शेखर चौधरी, आशीष अग्रवाल, राजीव राजपूत, ललित कुमार, संजीव गुप्ता, नीरज शर्मा, उपासना आर्य, पूनम गोयल, धमेन्द्र प्रजापति, भूपेन्द्र कुमार, राजकुमार, खेल सिंह राजपूत, संजीव कश्यप, विशेष कुमार, विकास गुप्ता, श्रीमती अंगज, राजीव त्यागी, सुनील सैनी, सुरेश चंद्र, धर्मेन्द्र जोशी, मोहित, दयाशंकर राणा, कुलवंत सिंह, अलीशा सिद्दीकी, आकांक्षा चौहान, मंजू चौधरी को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया।

## नगरपालिका बोर्ड में पांच सदस्य नामित

**बिजनौर (चिंगारी)। शासन की ओर से नगरपालिका बोर्ड ने पांच सदस्य नामित किये गये हैं, जिनमें आशीष अग्रवाल, पीयूष राज, श्रीमती मनोरमा शर्मा, मानव सचदेवा व सुरेन्द्र सिंह शामिल हैं।**

## शेखर चौधरी ने भाजपा छोड़ी

**बिजनौर (चिंगारी)। 26 साल से लगातार पूरी निष्ठा के साथ भारतीय जनता पार्टी की सेवा करने वाले शेखर चौधरी ने जिला कार्यकारिणी में अपनी उपेक्षा से आहत होकर भाजपा को अलविदा कह दिया। शेखर ने चिंगारी से बात करते हुए कहा कि उन्होंने पार्टी से कभी किसी चुनाव में टिकट नहीं मांगा, संगठन में ईमानदारी से काम किया, लेकिन वहां भी सम्मान नहीं मिला तो फिर पार्टी में रहने का क्या औचित्य?**

## मंगेतर के थप्पड़ मारने पर युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दी

बिजनौर (चिंगारी)। मंगेतर द्वारा सरेआम थप्पड़ मारने से आहत एक युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक ग्राम झलरा निवासी सानिया (18 वर्ष) पुत्री गफ्फार का रिश्ता गांव के ही युवक के साथ तय हुआ था। परिजनों के मुताबिक सानिया अपने रिश्तेदारों के साथ बिजनौर में इतवार के बाजार से ईद की खरीदारी करने गई थी। इस दौरान बाजार में युवती को उसका मंगेतर मिल गया। बताया जाता है कि मंगेतर को सानिया के बाजार आना नागवार गुजरा। जिस पर उसने सानिया को थप्पड़ मार दिया, जिससे वह इतनी आहत हुई कि घर पहुंचकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह का कहना है कि इस संबंध में तहरीर नहीं मिली है।

## चार दिन बाद घर लौटे परिवार

**धामपुर (चिंगारी)।** 14 मार्च को ग्राम पुराना धामपुर में हुए विवाद के बाद घर छोड़कर गए आधा दर्जन से भी अधिक परिवार आज चौथे दिन अपने-अपने घरों को बीवी बच्चों सहित वापस आ गए हैं, जिससे 4 दिन से सूनी पड़ी गली में चहल-पहल हो गई और महिलाएं अपने घर के कामकाज में लग गई हैं, जिससे यह गली फिर से गुलजार हो गई है। वापस आने वालों में जेल में बंद आरोपी अभियुक्त शुएब आलम के भाई फरहत जावेद,गफ्फार उनकी बेगम साजिया परवीन बच्चे जेद अंश, अबरार उनकी बेगम रुखसाना, इसरार उनकी बेगम अफसाना, बच्चे जुनैदा, रहमत, शकील में उनकी बेगम साजिदा, जमील उनकी बेगम रिजवाना आदि शामिल हैं। अब्दुल सत्तार के बेटे फरहत जावेद ने बताया कि शुऐब आलम झगड़ालू प्रवृत्ति का व्यक्ति है, वह घर में भी आएदिन पत्नी के साथ झगड़ा करता रहता था। उसकी इसी प्रवृत्ति से परेशान होकर उसकी पत्नी शगुफ्ता पिछले 6 महीने से अपने मायके जोगीरामपुरी नजीबाबाद में रह रही है। उधर, घटना के चौथे दिन भी आरएसएस के जिला कार्यवाह विपिन कुमार व उनके पड़ोसी अमित शर्मा के घर के बाहर पुलिस बल तैनात है। हालांकि गांव में शांति का माहौल है और सभी लोग अपने-अपने काम में व्यस्त हैं। नवरात्र और ईद का त्यौहार नजदीक आ रहा है, ऐसे में सभी लोग इसकी तैयारी में लग गए हैं।



वापस लौटे परिवार की महिलाएं।

## संघ कार्यवाह के घर पहुंची शुएब के परिवार की महिलाएं

### कहा- एक की गलती की सजा सबको न मिले

**धामपुर (चिंगारी)।** समीपवर्ती ग्राम पुराना धामपुर में 14 मार्च शनिवार की तड़के आरएसएस के जिला कार्यवाह विपिन कुमार व विहिप के जिला सह मंत्री अमित शर्मा के घर पर हुए हमले के बाद घर छोड़कर गई हुई महिलाएं कल सोमवार की दोपहर अपने बच्चों के साथ आरएसएस के जिला कार्यवाह विपिन कुमार के आवास पर पहुंची और घटना पर गहरा अफसोस व्यक्त करते हुए माफी मांगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति द्वारा किये गये अपराध की सजा उन्हें व उनके परिवार को नहीं दी जानी चाहिए। इस पर विपिन कुमार ने कहा कि हमारा परिवार के लोगों से कोई द्वेष भाव नहीं है लेकिन जिसने हमला किया है उसे कडी सजा जरूर मिलनी चाहिए। महिलाओं ने भी इस घटना पर अफसोस व्यक्त करते हुए कहा कि शुएब की हरकतों से घर के सभी लोग परेशान थे, क्योंकि वह आएदिन झगड़ता रहता था। उन्होंने उसके द्वारा की गई घटना की सजा उसे मिलने की बात कही।



# राजेन्द्र कुमार होंगे जिला बार के नये अध्यक्ष

## कई और पदाधिकारी चुने जायेंगे निर्विरोध, कुछ पदों पर हो सकता है चुनाव

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के 2026- 27 के लिए वार्षिक चुनाव में सोमवार को गहमागहमी के साथ नामांकन पत्र भरे गए। अध्यक्ष पद हेतु चौधरी राजेंद्र कुमार का एकमात्र नामांकन पत्र दाखिल हुआ, जिसके कारण उनका निर्विरोध चुना जाना तय है। इनके अलावा कनिष्ठ उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव प्रशासनिक तथा संयुक्त सचिव सांस्कृतिक पद पर भी एक-एक नामांकन पत्र दाखिल होने के कारण इनका भी निर्विरोध चुना जाना तय है। जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष आदि पदों पर एक से अधिक नामांकन होने के कारण चुनाव होने की संभावना है।

सोमवार को चुनाव अधिकारी चरत सिंह एडवोकेट की देखरेख में जिला बार एसोसिएशन बिजनौर की नई कार्यकारिणी के गठन हेतु नामांकन-पत्र दाखिल किए गए। अध्यक्ष पद पर राजेंद्र कुमार एडवोकेट का एकमात्र नामांकन पत्र दाखिल हुआ जिस कारण उनका निर्विरोध चुना जाना तय है, हालांकि अध्यक्ष पद के एक और दावेदार शेर सिंह एडवोकेट का कहना है कि वे भी नामांकन पत्र दाखिल करने चुनाव अधिकारी के समक्ष समय से पहुंचे थे, लेकिन उन्हें कुछ अधिवक्ताओं ने नामांकन-पत्र दाखिल नहीं करने दिया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु आशीष कौशिक, छत्रपाल सिंह व करतार सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। महासचिव पद पर कोमल सिंह, मनोज कुमार सेठी, गुलसिताब गुल, तेज सिंह तथा संजय कुमार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। कोषाध्यक्ष पद हेतु शबाना व कविता चौधरी, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी पद हेतु नितिन कुमार व अभिषेक अग्रवाल का नामांकन पत्र दाखिल हुआ, जिस कारण इन पदों पर चुनाव हो सकता है। हालांकि नाम वापसी के बाद ही इन पदों की सही तस्वीर सामने आएगी। आवश्यक हुआ तो 25 मार्च को इन पदों के लिए मतदान होगा। इनके अलावा कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु तुषार चौधरी, संयुक्त सचिव प्रशासनिक पद के लिए मोहित कुमार तथा संयुक्त सचिव सांस्कृतिक के लिए पूजा एडवोकेट का एकमात्र नामांकन पत्र दाखिल होने के कारण इनका निर्विरोध चुना जाना तय है। सीनियर गवर्निंग काउंसिल मेंबर हेतु हेमंत राजपूत, सतीश कुमार, शमीम अख्तर, मोहम्मद फरहत आलम तथा जूनियर गवर्निंग मेंबर हेतु मोहम्मद जैद बेग, पूजा चौधरी, परवेन्द्र सिंह, शाहबाज, मोहम्मद आकास, आदित्य कुमार, मोहम्मद नौशाद राजपूत तथा संगीता कुमारी ने नामांकन कराया है।



अध्यक्ष पद के लिये अपना नामांकन पत्र दाखिल करते हुए राजेन्द्र कुमार एडवोकेट।

# गैस की किल्लत से रसोई की व्यवस्था चरमराई

**बिजनौर ( चिंगारी )।** एक ओर शासन और प्रशासन द्वारा घरेलू गैस की कोई कमी न होने का दावा किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर गैस एजेंसियों पर लगी लंबी-लंबी कतारें इन दावों की पोल खोलती नज़र आ रही हैं। जिले में बड़ी संख्या में उपभोक्ता गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों के बाहर घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं।



उपभोक्ताओं का कहना है कि अब गैस सिलेंडर की बुकिंग 25 दिन बाद ही संभव हो पा रही है। कई बार ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी सही ढंग से काम नहीं करती, जिसके कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध न होने से घरों की रसोई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

सबसे अधिक दिक्कत महिलाओं को उठानी पड़ रही है। गृहिणियों का कहना है कि अब अधिकांश घरों में गैस चूल्हे के अलावा खाना बनाने का कोई अन्य साधन नहीं बचा है। यदि गैस सिलेंडर समय से खत्म हो जाए और नया सिलेंडर न मिले, भोजन बनाना मुश्किल हो जाता है।

साकेत कॉलोनी निवासी ग्रहिणी रेनू पाल का कहना है कि युद्ध के चलते रसोई गैस देर से मिलने के कारण बहुत दिक्कत हो रही है, सरकार ने कुछ दिन पहले रसोई गैस के दाम भी बढ़ा दिये हैं। घर के बजट में भी दिक्कत हो रही है। बुकिंग नहीं हो रही है और टाइम से सप्लाई भी नहीं हो रही है।

सिविल लाइन निवासी ग्रहिणी रविता सिंह ने बताया कि कई दिन पहले सिलेंडर बुक किया था परंतु अभी तक रसोई गैस नहीं मिली। प्रशासन तो कह रहा है कि रसोई गैस की कोई दिक्कत नहीं है, परंतु गैस मिलने में बहुत समस्या आ रही है। गैस खत्म होने पर सुबह-सुबह बच्चों को स्कूल भेजना और उनके भोजन बनाने में काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

मालतीनगर निवासी सुषमा शर्मा बताती हैं कि मोबाइल से बुक करने पर फोन नहीं उठाया गया और कैश पेमेंट नहीं ले रहे हैं। देश पर संकट है परंतु उसका समाधान ढूंढना चाहिए। अब खाना बनाने के लिए और कोई साधन नहीं है, इसके चलते बहुत परेशान हो रही है।

शुगर मिल कॉलोनी निवासी विजयलक्ष्मी बताती हैं कि एक हफ्ते पहले सिलेंडर बुक किया था, पर अभी तक कोई भी गैस डिलीवरी नहीं हुई। घंटों लाइन में लगकर लोग परेशान हो रहे हैं। सरकार को इसको लेकर कुछ करना चाहिए।

( मुकुल-मिंटू )


रेनू पाल


रविता सिंह


सुषमा शर्मा


विजयलक्ष्मी

# मस्जिदों में कलाम-ए-पाक मुकम्मल हुआ

## मुल्क की खुशहाली के लिये मांगी दुआ

**हल्दौर ( चिंगारी )।** पाक रमज़ान के महीने में तरावीह की नमाज में बीती रात मदीना जामा मस्जिद में व शनिवार को मोती मस्जिद में कलाम ए पाक मुकम्मल हो गया। इस मौके पर हुई दुआ में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत फरमाई। मदीना जामा मस्जिद हल्दौर में सोमवार को 26 वें रोजे की 27वीं सब को तराबीह की नमाज में कलाम ए पाक मुकम्मल हो गया। कलाम ए पाक को जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मुफ्ती मुहम्मद अब्दुल्ला जामिई ने पढ़ा, जबकि हाफिज मुहम्मद जुबैर ने कलाम ए पाक को सुना। इस मौके पर अपनी तकरीर में मौलाना अब्दुल्ला जामिई ने फरमाया कि पाक रमज़ान का महीना रुखसत हो रहा है। अल्लाह ताआला सबके रोजे को, इबादत को और दुआओं को कबूल फरमाए। उन्होंने सभी मुसलमानों से आह्वान किया कि जिस तरह से आप सब ने पाबंदी के पाक रमज़ान के महीने में पांचों वक्त की नमाजें अदा कीं है और कलाम ए पाक की तिलावत कर अल्लाह ताआला की इबादत की। इसी तरह रमजान के बाद भी अपनी इबादत और नमाज कायम रखें। तकरीर के बाद उन्होंने देश दुनिया में अम्नो अमान कायम रहने, देश व कौम की तरक्की और खुशहाली, गुनाहों से माफी, अच्छी सेहत, बीमारी से शिफा तथा दुनिया से जा चुके लोगों की मग़फिरत की दुआ करायी। दुआ में नगर के मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इसके बाद सभी को अकील अहमद, शकील अहमद, नसीम अहमद, गुड्डू सिद्दिकी, खुर्रम गाजी, लुकमान कसगर, परवेज अहमद व नवेद आलम कुरैशी की तरफ से सिन्नी बांटी गई। इससे पूर्व शनिवार को नगर की मोती वाली मस्जिद में 24 वें रोजे की 25वीं सब को तराबीह की नमाज में कलाम ए पाक मुकम्मल हुआ। कलाम ए पाक को हाफिज मुहम्मद अमीर हमजा ने पढ़ा। जबकि मोती मस्जिद के इमाम मौलाना मुहम्मद इरशाद ने कलाम ए पाक को सुना।

# केशव चौधरी के समर्थक गद्‌गद

**चांदपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम मीरापुर निवासी युवा नेता केशव चौधरी को भाजपा का जिला मंत्री बनाये जाने से उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त हो गया। समर्थकों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी मनाई। युवा नेता केशव चौधरी वर्तमान में भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हैं। नवनियुक्त भाजपा के जिला मंत्री केशव चौधरी ने इसके लिए पार्टी हाईकमान का आभार जताते हुए कहा कि वे पार्टी को मजबूत बनाने तथा पार्टी की नीति व विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।



## वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति ने किया आंखों के कैम्प का आयोजन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति द्वारा आंखों का कैम्प खुशी चैरिटेबल पर लगाया गया, जिसमें लगभग 200 मरीज का नेत्रों का परीक्षण हुआ। कैंप का शुभारंभ वरिष्ठ व्यापारी नेता उमापति गर्ग व समिति अध्यक्ष जितेंद्र कक्कड़ द्वारा फीता काटकर किया गया। निर्मल आश्रम ऋषिकेश के डॉक्टर द्वारा आंखों का चैकअप किया गया। इसमें वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के सदस्यों ने अपनी सेवाएं देते हुए अपने-अपने कर्तव्य को निभाया, जिसमें एमएस रावत, ज्ञान प्रकाश, केपी सिंह, सुरेंद्र जेटली, अशोक अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, जयप्रकाश, श्याम सिंह, उमापति गर्ग, दर्शन कुमार, अनिल कुमार शर्मा, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, सुरजीत सिंह, मनमोहन सिंह, विष्णुचंद्र गुप्ता, तारा सिंह, शिवकुमार अरोड़ा, महामंत्री मदन गोपाल टांक आदि ने विशेष सहयोग देकर आंखों के कैम्प को सफल बनाया। कैम्प में बड़ी तादाद में लोगों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया है।



# कालिका मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नवरात्रों से दो दिन पूर्व आज झालू रोड स्थित श्री महाशक्ति कालिका मंदिर की ओर से आज प्रातः शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में सबसे आगे भगवान श्री गणेश की आकर्षक झांकी व अंत में फूलों से सुसज्जित माता रानी का डोला साथ चल रहा था। अखण्ड जोत के साथ मां के डोले से श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया जा रहा था। बैंडबाजों की धार्मिक धुनों के साथ 14 सुसज्जित कारों पर विराजमान कलश शोभायात्रा को आकर्षक बना रहे थे। शोभायात्रा को देखने के लिये सड़कों के दोनों ओर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। माता रानी की आरती उतारने व प्रसाद लेने के लिये भक्तों में होड़ मची हुई थी। जगह-जगह जलपान कराकर श्रद्धालुओं द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया। प्रातः 5 बजे मंदिर प्रांगण से शुरू हुई शोभायात्रा अपने परम्परागत मार्गों से होती हुई वापस मंदिर जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा के निकलने से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल पूर्ण मुस्तैदी से साथ चल रहा था। नगर पालिका प्रशासन द्वारा शोभायात्रा के मार्गों की सफाई का विशेष ध्यान रखा गया। मुख्य चौराहे पर सड़क के दोनों ओर पड़ा चूना सभी को अहसास कर रहा था कि यहां से माता की सवारी गुजरने वाली है। कल नगर के दूसरे देवी स्थल श्री मां चामुण्डा मंदिर की ओर से शोभायात्रा निकाली जायेगी और परसों से चैत्रीय नवरात्रों का शुभारंभ हो जायेगा।







## राशिफल

## विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**बुधवार, 18 मार्च 2026**

मेष- व्यापार में धन निवेश, परोपकार में रुचि, परिवार में सुख शांति, मनोबल में वृद्धि, दाम्पत्य जीवन सुखी, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर।

वृषभ- साहसिक प्रयास प्रगति पर, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, प्रतियोगिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, अध्यावसाय की ओर रुचि।

मिथुन- योजना अपूर्ण, पुरुषार्थ के प्रति अरुचि, शारीरिक कष्ट, आय की तुलना में व्यय अधिक, पारिवारिक सम्बन्धों में वैमनस्यता, सुपरिचितों से वाद-विवाद की आशंका।

कर्क- दिन बेहतर, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, आपसी सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, सुसंदेश की प्राप्ति, भौतिक सुख के साधन सुलभ।

सिंह- ग्रहयोग बेहतर, आत्मसंयम से कार्यसिद्धि, पारिवारिक समस्याओं का समाधान, आत्मीयजनों से मधुरता, बकाए धन की प्राप्ति, व्यक्तिगत जीवन में सुखशांति।

कन्या- विचाराधीन योजना को मूर्तरूप में परिणित, यश-मान प्रतिष्ठापरक कृत्य सम्पन्न, आशानुकूल घटनाएं घटित, वैमनस्यता का समापन, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

तुला- स्वास्थ्य में शिथिलता, व्यावसायिक उन्नति में बाधा, आत्मविश्वास में कमी का एहसास, प्रगति में अवरोध, व्यवहार में लापरवाही हानिकारक, विरोधी प्रभावी।

वृश्चिक- शुभ भावनाओं का उदय, आर्थिक-व्यापारिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, राजनीतिक कृत्यों में अभिरुचि, विवाद के समापन में मित्र सहायक, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

धनु- अभीष्ट कार्यों में सिद्धि, मनो-विनोद के सुअवसर प्राप्त, जटिल समस्याओं का समाधान, राजनैतिक गतिविधियों की ओर रुझान, श्रेष्ठजनों की सलाह मान्य।

मकर- शुभ भावनाओं का उदय, आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, मनोबल में वृद्धि, दूर-समीप की यात्रा का प्रसंग, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि।

कुम्भ- समय भाग्य के विपरीत, आहार-विहार में अनियमितता, स्वास्थ्य में बाधा, सुपरि-चितों से धोखे की आशंका, प्रतियोगिता में असफलता, प्रेम सम्बन्धों में तनाव।

मीन- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, कठिनाइयों में कमी, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, विवाद का समापन, जीवन साथी से सामंजस्य, आवागमन में अनुकूलता।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722


# उर्दू के प्रश्न-पत्र नहीं मिले

## प्रश्न-पत्रों की छपाई में शिक्षा विभाग ने किया खेल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय में वार्षिक परीक्षा शुरू हो गई है। सोमवार को शिक्षक स्कूल पहुंचें, या प्रश्न-पत्र प्राप्त करें, इसे लेकर ऊहापोह स्थिति बनी रही। जिले के परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय में उर्दू के प्रश्न-पत्र उपलब्ध नहीं कराए गए। कक्षा 6 से 8 तक की वार्षिक परीक्षा में कृषि विज्ञान के प्रश्न-पत्र में त्रुटियों की भरमार रही।

परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के बच्चों की वार्षिक परीक्षा को शिक्षा विभाग ने मखौल बना दिया है। सोमवार से परिषदीय स्कूलों में वार्षिक परीक्षा का शुभारंभ हुआ, पर शिक्षकों को सुबह के समय में पहले प्रश्न-पत्र प्राप्त करने तथा बाद में स्कूल पहुंचने का मौखिक आदेश जारी होने से शिक्षक परेशान रहे। जिले के ब्लॉक संसाधन केंद्रों से शिक्षकों को प्रश्न-पत्र प्राप्त करने के निर्देश दिये गये थे।

गौरतलब है कि रविवार को देर शाम शिक्षा विभाग द्वारा ब्लाक संसाधन केंद्रों को प्रश्न-पत्र उपलब्ध कराए गए। जिले के खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से शिक्षकों को स्कूल जाने से पहले ब्लॉक संसाधन केंद्रों से प्रश्न-पत्र प्राप्त करने के निर्देश दिये गये थे। विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को स्कूल जाने से पहले ब्लॉक संसाधन केंद्रों की परिक्रमा करनी पड़ी। मजेदार बात यह है कि जिले में बड़ी संख्या में उर्दू भाषा के छात्र हैं तथा शिक्षक भी हैं, पर शिक्षकों को उपलब्ध कराए गए प्रश्न-पत्रों में उर्दू के प्रश्न-पत्र नहीं मिले।



समय-2:00 घण्टा | वार्षिक परीक्षा 2025-26 | BI
कक्षा-6 विषय- खेल एवं शारीरिक शिक्षा | पूर्णांक-50
नोट- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
प्रश्न 1 सही विकल्प छांटकर लिखिए। (1x10=10)
(क) ओलम्पिक ध्वज में कितने गोले होते है?
(1) 3 (2) 4 (3) 5 (4) 6
(ख) योग के कितने अंग होते है।
(1) 3 (2) 5 (3) 7 (4) 8
(ग) राष्ट्रीय गान कितने समय में गाया जाता है।
(1) 60 सेकंड (2) 52 सेकंड (3) 62 सेकंड (4) 90 सेकंड
(घ) टेक ऑफ संबंधित है-
(1) सांस (2) लंबी कूद (3) सीटी लाइन (4) इनमें से कोई नहीं
(ङ) भोजन करने के कितने समय बाद प्राणायाम करना ठीक है।
(1) 1 से 2 घंटे (2) 2 से 3 घंटे (3) 4 से 5 घंटे (4) 6 से 7 घंटे
(च) 1 ग्राम शुद्ध वसा से लगभग कितने कैलोरी उर्जा प्राप्त होती है?
(1) 7 (2) 8 (3) 9 (4) 10
(छ) मार्चिंग का सम्बन्ध किससे है?
(1) राष्ट्रगान से (2) शांति से (3) कदमताल से (4) राष्ट्रीय ध्वज से
(झ) साइना नेहवाल का सम्बन्ध किस खेल से है?
(1) भारोत्तोलन (2) बैडमिंटन (3) बॉक्सिंग (4) हॉकी
(ट) रतौंधी रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
(1) A (2) B (3) C (4) D
(ठ) कपिल देव का सम्बन्ध किस खेल से है-
(1) कबड्डी (2) खो खो (3) वॉली बॉल (4) क्रिकेट
प्रश्न 2 अति लघु उत्तरीय प्रश्न- (1x10=10)
(क) मेरीकॉम का सम्बन्ध किस खेल से है?
(ख) जल में घुलनशील विटामिन के नाम लिखो-
(ग) [illegible]
(घ) स्वतंत्रता दिवस कब मनाया जाता है?
(ङ) अर्जुन पुरस्कार किसे दिया जाता है?
(च) योग दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?
(छ) राष्ट्रगान की रचना किसने की थी?
(ज) राष्ट्रीय ध्वज में सबसे ऊपर कौन सा रंग होता है?
(झ) स्वतंत्रता दिवस कब मनाया जाता है?
(ट) प्राण किसे कहते है?
प्रश्न 3 लघु उत्तरीय प्रश्न - (4x5=20)
(क) योग का अर्थ क्या है?
(ख) संतुलित आहार किसे कहते हैं?
(ग) व्यायाम करते समय कौन-कौन सी सावधानियां रखनी चाहिए?
(घ) भोजन के प्रमुख कार्य क्या है?
प्रश्न 4 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न- (2x5=1
(क) कुपोषण से आप क्या समझते है?
(ख) कृमि संक्रमण रोकने के लिये हमे क्या करना चहिये?

### अंग्रेजी मीडियम विद्यालयों में भी प्रश्न-पत्र नहीं पहुंचे

बेसिक शिक्षा विभाग की मानें तो जिले के में करीब 55 विद्यालय अंग्रेजी माध्यम में चिह्नित किए गए थे। प्रतिवर्ष इन विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम की एनसीईआरटी की पुस्तक उपलब्ध कराई जाती है, पर इस बार वार्षिक परीक्षा में इन विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम के प्रश्न-पत्र उपलब्ध नहीं कराए गए। अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों के शिक्षक हिंदी माध्यम के प्रश्न-पत्र की फोटो स्टेट करने को मजबूर हो गए।

### प्रश्न-पत्रों की छपाई में मनमानी

**परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय की वार्षिक परीक्षा के प्रश्न-पत्र की छपाई में शिक्षा विभाग ने खूब मनमानी की है। शिक्षा विभाग के सूत्रों का कहना है कि मेरठ की एक फर्म से प्रश्न-पत्र प्रकाशित कराए गए हैं। प्रश्न-पत्र की छपाई करने वाली फॉर्म ने आधे अधूरे प्रश्न-पत्र भेजकर इति श्री कर दी है। अब यह प्रश्न-पत्र शिक्षकों तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के लिए सर दर्द बन गए हैं। प्रश्न-पत्र प्रकाशन करने वाली संस्था शिक्षा विभाग के एक अधिकारी की चहेती बताई जाती है, जबकि शिक्षक प्रश्न-पत्रों की छपाई में गड़बड़ी होने से चिंतित हैं। दूसरी ओर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना ने प्रश्न-पत्र की जांच कर कार्यवाही करने की बात कही है।**

# गढ़ी में शरीफ़ क़स्सार व सीरवासुचंद में युवाओं ने कराया विशाल रोज़ा इफ़्तार





**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** बीते वर्षों की भांति इस बार भी व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सपा नेता शरीफ कस्सार ने अपने कासमपुर गढ़ी स्थित आवास पर विशाल रोजा इफ्तार कराया, जिसमें सैकड़ों रोज़ेदारों ने शिरकत कर रोज़ा इफ़्तार किया। स्वयं शरीफ़ कस्सार, उनके पुत्र नफीस कस्सार व उनकी टीम ने तशरीफ लाए रोज़ेदारों की खूब खातिरदारी की। दूसरी ओर पास के ग्राम सीरवासुचंद के मोहल्ला घासमंडी के दुकानदारों व युवाओं मौ. आजम, जुबैर अहमद, कफील अहमद, मौ. आकिब, मेराज आलम, मौ. जावेद, शहजाद आलम, मौ. रियाज, मौ. सरताज, फ़ुरक़ान अहमद, मौ.आसिफ, नईम अहमद व मौ. इमरान आदि ने सोमवार को आपसी सहयोग से विशाल रोज़ा इफ़्तार पार्टी का आयोजन किया। घासमंडी मैदान के निकट आयोजित इस इफ्तार पार्टी में बड़ी तादाद में रोजदारों ने शिरकत की। सोमवार की शाम इन दोनों विशाल रोजा इफ्तार पार्टियों के आयोजन से दोनों तरफ नूरानियत भरा माहौल रहा।

# यूजीसी बिल के विरोध में क्षत्रियों ने सौंपा ज्ञापन

**नूरपुर ( चिंगारी )।** क्षत्रिय राजपूत समिति के तत्वावधान में सोमवार को यूजीसी बिल के विरोध में प्रदर्शन हुआ। समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार के नेतृत्व में यूजीसी बिल वापस लेने के सम्बंध में राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन थानाध्यक्ष विकास कुमार तेवतिया को सौंपा। क्षत्रिय समाज का कहना है कि यूजीसी बिल के माध्यम से सवर्ण समाज के छात्र एवं छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जाएगा। इस बिल के आने से इस समाज के विखण्डन होने की पूरी संभावना बन गयी है। झूठी शिकायत करने वाले के विरुद्ध कोई भी कार्यवाही नहीं करने का प्रावधान है। यह एक प्रकार से स्वर्ण समाज के विरुद्ध काला कानून है। सरकार से तत्काल प्रभाव से इस काले कानून को समाप्त करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में राजीव कुमार, मुनेश कुमार, संजीव कुमार, मुकुल गुप्ता, सुशील ठाकुर, हिरेन्द्र सिंह, आशीष कुमार, नरेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद रहे।



# पालिकाध्यक्ष, एसडीएम व सीओ ने किया ईदगाह का निरीक्षण



नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र की ईदगाह पर ईदुल फितर की नमाज की तैयारियों को लेकर पालिकाध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम ने एसडीएम शैलेंद्र कुमार व सीओ नितेश प्रताप सिंह के साथ ग्राम रम्मनवाला स्थित ईदगाह पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पालिका चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के लिए पालिका कर्मचारियों को समय से काम पूरा करने के लिए दिशा निर्देश दिये। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि जिन मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की जाएगी उनके आसपास विशेष अभियान चलाकर सफाई कराई जा रही है। ईद की नमाज से पूर्व साफ सफाई, चूना आदि छिड़काव कराया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि आपसी भाईचारे के साथ ईद उल फितर का त्यौहार मनाये, सीओ नितेश प्रताप सिंह ने कहा कि नमाज के दौरान सभी मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के कडे इंतेजाम किये जाएंगे। ईदगाह पर भीड़ को लेकर ईदगाह के चारो ओर पुलिसकर्मियो की ड्यूटी लगाई जाएगी व ट्रैफिक व्यवस्थाओं को सुचारू रखा जाएगा। इस मौके पर एसडीम शैलेंद्र कुमार, सीओ नितेश प्रताप सिंह, चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम, शहर काजी इफ्फानुक हक, ग्राम प्रधान मोनू, नगर पालिका प्रशासन व थाना पुलिस मौजूद रहे।

# हीरा इंटरनेशनल के नन्हें छात्र मोहम्मद तल्हा ने स्कूल टॉप किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला चारबाग स्थित हीरा इंटरनेशनल स्कूल के एलकेजी के छात्र व पत्रकार नसीम उस्मानी के पुत्र मोहम्मद तल्हा ने अपनी मेहनत व लगन से 100 में से पूरे 100 अंक प्राप्त कर शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए विद्यालय टॉप कर अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है। बच्चे की इस सफलता से विद्यालय व उसके परिवार में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर स्कूल के प्रिंसिपल आदिल खान व क्लास टीचर ने मोहम्मद तल्हा को मेडल व उपहार देकर सम्मानित किया। विद्यालय के डायरेक्टर मौलाना मौ. ईशा ने कहा कि मोहम्मद तल्हा जैसे प्रतिभाशाली बच्चे ही देश का भविष्य हैं। इतनी छोटी उम्र में इतनी शानदार सफलता पाना उसकी मेहनत व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। वहीं प्रिंसिपल आदिल खान ने कहा कि तल्हा विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों में से एक हैं। उसकी इस उपलब्धि से पूरे स्कूल को गर्व है, उन्हें उम्मीद है कि वह आगे भी इसी तरह सफलता हासिल करेंगे। परिवार के लोगों ने तल्हा की इस सफलता पर गर्व जताते हुए कहा कि मोहम्मद तल्हा आगे भी इसी तरह मेहनत कर जीवन में नई ऊंचाइयों को छुएंगे।



टॉप करने वाले छात्र तल्हा को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य।

## सड़क निर्माण कराने को पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन को ज्ञापन दिया



नजीबाबाद (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी के नेता एवं वार्ड नम्बर-3 के संभावित प्रत्याशी रजत कुमार ने विधानसभा नजीबाबाद के ग्राम चंदोक से सुंगरपुर बेहड़ा जाने वाली टूटी सड़क के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन दिया। अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया है कि नवीनीकरण स्वीकृत हो चुका है, जल्द से जल्द सड़क नवनिर्माण किया जाएगा।

## बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ



नजीबाबाद (चिंगारी)। बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों की परीक्षाएं सोमवार से प्रारंभ हो गई है। प्राथमिक स्तर की कक्षा 5 की परीक्षा में 3822 तथा कक्षा 8 की परीक्षा में 3269 छात्र/छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। जबकि कक्षा 6 में 3341 व कक्षा 7 में 3339 छात्र छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। ब्लॉक स्तर पर 16 मार्च से दो पारियों में प्रारंभ होकर 20 मार्च को समाप्त होने वाली परीक्षाओं में परिषद के कुल 13771 छात्र/छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। बीआरसी स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के परीक्षा प्रभारी मोबीन हसन ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी राममोहन के निर्देशन में परीक्षाएं शांतिपूर्ण व सुचिता पूर्ण संपन्न कराने के पूर्ण इंतजाम किये गये हैं।

## विधायक ने क्षतिग्रस्त ईदगाह मार्ग की मरम्मत कराई



नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद के कहने पर लोक निर्माण विभाग ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्राम रम्मनवाला स्थित ईदगाह जाने वाली रोड की मरम्मत कराई। इस रोड पर बड़ी संख्या में ईद वाले दिन नमाजी ईदगाह पर नमाज पढ़ने जाते है। रम्मनवाला स्थित यह रोड क्षतिग्रस्त होने के कारण नमाजियों को ईदगाह जाने में परेशानी उठानी पड़ती। विधायक ने नमाजियों को रोड पर गड्ढे होने की दिक्कत ना उठानी पड़े इसके लिए रोड को सही करा दिया है।

## सैफी कॉम्पलेक्स के स्वामी खुर्शीद का लम्बी बीमारी के चलते निधन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला मुनीरगंज निकट अम्दू खां चौक स्थित सैफी कम्पलेक्स के स्वामी 57 वर्षीय खुर्शीद सैफी का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। वह काफी समय से हार्ट व किडनी के मरीज थे तथा उनका लगातार डायलिसिस चल रहा था। कई सालों से उनका ऋषिकेश एम्स हॉस्पिटल मे इलाज चल रहा था। उनकी मौत से उनके परिवार मे कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी, बेटा व बेटी को रोता बिलखता छोड़ गये।

# कांग्रेस के शिविर में 140 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई



नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा स्वास्थ्य सर्जन अभियान के तहत प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आजाद बेग के आह्वान पर मान्यवर कांशीराम की जयंती के शुभ अवसर पर कांग्रेस के नजीबाबाद नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी के नेतृत्व में नगर कांग्रेस कमेटी ने एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन मौहल्ला जाब्तागंज स्थित रविदास धर्मशाला में किया। जिसमें डाक्टरों द्वारा मरीजों को नि:शुल्क परामर्श व दवाईयां उपलब्ध कराने साथ नि:शुल्क शुगर की जांच की गई। जिसमें डॉ. अब्दुल बारी, डॉ. वसीम सैफी, डॉ. आमिर, डॉ. नसीम मुल्तानी, डॉ. शबनम बारी, डॉ. सलीम सैफी, डॉ. उबैद अंसारी की उपस्थिति में शिविर में आए लगभग 140 रोगियों को लाभ मिला। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी, उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी नगर महासचिव नदीम फारूकी आदि मौजूद रहे।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बिजनौर**

पत्रांक : 664/ई–टेन्डर/25–26 दिनॉक : 05.03.2026

**ई–निविदा सूचना**

1– राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग, बिजनौर द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में भवन कार्य में रजिस्टर्ड श्रेणी–ए, बी, सी, डी के अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से निविदा माँगी जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

| क्र0स0 | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण हेतु समया–वधि | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि0 का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि0 का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | बिजनौर | जनपद बिजनौर में ग्राम स्वाहेड़ी, लेखपाल प्रशिक्षण विद्यालय एवं छात्रावास की मरम्मत व रंगाई पुताई का कार्य। | 11.29 | 1.13 | 854/– (आन लाइन भुगतान केवल नेट बैंकिंग द्वारा ही मान्य) | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बिजनौर | रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर | मुरादाबाद क्षेत्र लो0नि0वि0, मुरादाबाद |

2–

- ➤ बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुये तथा जी0एस0टी0 करों को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- ➤ निविदा शुल्क टेबिल के कॉलम नं0 5 एवं 6 के अनुसार ऑन लाईन बैंकिंग द्वारा जमा करनी होगी।

निविदा आनलाइन दिनांक 19.03.2026 की प्रातः 10:00 बजे से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 24.03.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 24.03.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बिजनौर में खोली जायेगीं तथा अर्ह निविदादाताओ की वित्तीय बिड कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय, दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेंगी। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78–2–2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

R.O.No. 248335 Date: 16-03-2026
UPID.www.upgov.nic.in

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बिजनौर
Ph. 01342 – 262776
Email – pdbijnor@gmail.com

# आईएचएमएस में छात्राओं ने फूलदेई पर्व मनाया

## कॉलेज के कक्षों के दरवाजों पर फूल डाले



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** इंस्टीट्यूट ऑफ हास्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से उत्तराखंड का लोक पर्व फूलदेई धूमधाम से मनाया गया। संस्थान की छात्राओं ने कॉलेज के कक्षों के दरवाजे पर फूल डालकर फूलदेई पर्व की खुशी मनाई। मंगलवार को बलभद्रपुर बीईएल रोड स्थित संस्थान परिसर में बीबीए की छात्राओं ने संस्थान के मुख्य द्वार और बीसीए की छात्राओं ने कक्षा कक्षों की देहरी पर फूल चढ़ाए।

इस अवसर पर उन्होंने पारंपरिक फूल देई गीत भी गाया। इस अवसर पर संस्थान के ईडी अजयराज नेगी ने संस्थान में कार्यरत सभी कर्मचारियों को पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हम वर्तमान में युवा पश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर अपनी लोक परंपराओं को भूलते जा रहे हैं। डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. अश्वनी कुमार ने बताया कि फूलदेई त्योहार बच्चों द्वारा मनाए जाने के कारण इसे लोक बाल पर्व भी कहते हैं। प्रसिद्ध त्योहार फूलदेई चैत्र की प्रथम तिथि को मनाया जाता है। अर्थात प्रत्येक वर्ष मार्च 14 या 15 तारीख को यह त्योहार मनाया जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र महीने से ही नववर्ष होता है। नववर्ष के स्वागत के लिए कई तरह के फूल खिलते हैं। इस अवसर पर संस?थान के जन संपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, नवीन रावत, श्रुति नेगी, सोनिया कुमारी रावत आदि मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने मनाया फूलदेई पर्व

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय द्वारीखाल में नव वर्ष के आगमन का प्रतीक फूलदेई पर्व धूमधाम से मनाा गया। इस दौरान बच्चों ने द्वारीखाल कस्बे के घरों व शैक्षिक संस्थानों की देहरियों में फूल डालकर सुख और समृद्धि की कामना की। जानकारी देते हुए विद्यालय के शिक्षक रवींद्र भारद्वाज ने बताया कि इस दौरान कस्बेवासियों ने भी बच्चों का उत्साहवर्द्धन करते हुए उन्हें फल, मिठाई, टाफी व उपहार देते हुए कहा कि लुप्त होते इस सांस्कृतिक पर्व को विद्यालय परिवार की ओर से जीवंत किया गया है, जिसके लिए समस्त शिक्षक बधाई के पात्र हैं।

## छात्र-छात्राओं ने की देवदर्शन भ्रमण यात्रा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत जानकी नगर स्थित रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने देवदर्शन यात्रा के अंतर्गत भगवती दुर्गा देवी मंदिर का शैक्षिक भ्रमण किया। कार्यक्रम संयोजक रोहित बलोदी ने बताया कि मंदिर पहुंचकर सर्वप्रथम छात्र-छात्राओं ने भगवती दुर्गा देवी के दर्शन किये। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती द्वारा भैया बहिनों को मंदिर का इतिहास बताया गया। उन्होंने कहा कि दुगड्डा स्थित मां दुर्गा देवी मंदिर को उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले का एक प्रसिद्ध और प्राचीन शक्ति स्थल माना जाता है। यह मंदिर कोटद्वार-दुगड्डा मार्ग पर खोह नदी के पास पहाड़ी और प्राकृतिक गुफा में स्थित है और यहाँ सालभर श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं और मन्नतें मांगते हैं। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य अनिल कोटनाला सहित नंदिनी नैथानी, राजन कुमार, संगीता रावत और मोहन सिंह आदि आचार्य मौजूद रहे।





सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमजान की दिली मुबारकबाद
मो. ग़ाज़ी
पूर्व विधायक, शेरकोट
सत्ताइसवां रोजा : मंगलवार, 17 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:30, शिया 6:39
अट्ठाइसवां रोजा : बुधवार, 18 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:00, शिया-4:53



ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी


## जनरल बिपिन रावत की जयंती मनाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कांग्रेस के पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ की ओर से भारत के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ दिवंगत जनरल विपिन रावत की जयंती के अवसर पर पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि जनरल बिपिन रावत भारतीय सेना के उन महान सैनिकों में से थे, जिन्होंने अपने नेतृत्व, साहस और दूरदर्शिता से देश की रक्षा व्यवस्था को नई मजबूती प्रदान की। उनका जन्म 16 मार्च 1958 को उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जनपद के सैंण गांव में हुआ था। वे एक सैन्य परिवार से संबंध रखते थे। उनके पिता लेफ्टिनेंट जनरल लक्ष्मण सिंह रावत जी भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी रहे। उन्होंने देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर भारतीय सेना में सेवा प्रारंभ की और अपने उत्कृष्ट नेतृत्व व साहस के बल पर सेना के सर्वोच्च पदों तक पहुंचे। वर्ष 2016 में उन्हें भारतीय थल सेना का प्रमुख नियुक्त किया गया और वर्ष 2019 में भारत सरकार ने उन्हें देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ नियुक्त किया। इस पद पर रहते हुए उन्होंने थल, जल और वायु सेना के बीच समन्वय स्थापित कर देश की रक्षा प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए। कहा कि देश के लिए उनके योगदान को हमेशा याद किया जाता रहेगा।

कार्यक्रम में महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, प्रदेश सचिव गणेश नेगी, साबर सिंह नेगी, देवेंद्र सिंह नेगी, हेमचंद पवांर, चंद्रमोहन सिंह रावत, कृपाल सिंह नेगी और राजीव कपूर सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## देवभूमि सोसाइटी ने धूमधाम से मनाया फूल संग्राद

### कार्यक्रम में गढ़वाली व कुमायूंनी लोकगीतों पर झूम कर नाची महिलायें




**चिडियापुर ( चिंगारी )।** लालढांग में पौराणिक देवभूमि सोसाइटी ने उत्तराखंड के लोक पर्व फूलसग्रांद पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में लाल ढांग क्षेत्र की विभिन्न प्रतिभावान महिलाओं को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। उत्तराखण्ड की संस्कृति को समर्पित गढ़वाली कुमाँऊनी लोक गीतों पर लोककलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान लालढांग सुनील बिष्ट ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी धरोहर है, इसे बचाना जरूरी है। आज समाज मे पश्चिमी सभ्यता पनप रही है। जिससे आज के युवा वर्ग की दिशा और दशा बदल रही है जिसके लिए हमे प्रयास कर अपनी संस्कृति की ओर लौटना होगा। कार्यक्रम को रसूलपुर मीठीबेरी के ग्राम प्रधान कमलेश द्विवेदी, भाजपा नेता दीपक जखमोला, पूर्व प्रधानाचार्य मोहन चंद्र हतेली, सहित विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में उत्तराखंड लोक सांस्कृतिक विभाग की टीम के लोक गायको ने गढ़वाली कुमांऊनी लोक गीतो पर नृत्य कर लोगो का मन मोह लिया, जबकि स्थानीय महिला कीर्तन मंडलियों ने कुमाऊनी गढ़वाली भाषाओं में शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को नाचने तालियां बजाने पर विवश कर दिया। संस्था के अध्यक्ष सुमन धस्माना ने बताया कि संस्था का प्रयास है कि उत्तराखंड की संस्कृति और संस्कारों को समाज के बीच संजीदा रखा जाए। कार्यक्रम में प्रतिभावान महिलाओं सहित विभिन्न कीर्तन मंडलियों की महिलाओं को सम्मान देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिशु मंदिर के प्राचार्य राम नारायण बिजलबाण, यशपाल रावत, दीपक जखमोला, ममता डोबरियाल, तुलसी अधिकारी, लक्ष्मी भट्ट, कामनी डवराल, पुष्पा रावत, सुनीता नेगी, हेमा गौड, संतोषी, पूनम, रामदेई, पूनम द्विवेदी, रोशनी रावत, दीपा आधिकारी, मंजू मनराल, गीता रावत, शान्ति अधिकारी, पद्यमा रावत, मीना विन्जोला, ममता मनराल, आशा घिल्डियाल, शुशीला अधिकारी, गंगा रावत, ऊषा अमोली, पूर्व प्रधानाध्यापिका शीला हतेली आदि बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।





सभी देशवासियों को
मुकद्दस रमज़ान
की दिली
मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष सपा
राग़िब हुसैन उर्फ शहज़ादा
पूर्व जिला सचिव
समाजवादी पार्टी, बिजनौर
राग़िब हुसैन उर्फ शहज़ादा
सत्ताइसवां रोजा : मंगलवार, 17 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:30, शिया 6:39
अट्ठाइसवां रोजा : बुधवार, 18 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:00, शिया-4:53

# उत्तराखंड में 22 मार्च तक जारी रहेगी बारिश और बर्फबारी

## पहाड़ी जिलों में हल्की बारिश की संभावना, 3300 मीटर और उससे ऊंचे स्थानों पर गिरेगी बर्फ

**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड मौसम विभाग ने राज्य के सभी पहाड़ी जिलों में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। इस दौरान बादल जोर से गरजने और बिजली भी गिरने की पूर्ण सम्भावना है । 3300 मीटर और उससे ऊंचे स्थानों पर बर्फबारी होगी। राज्य के मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आज 17 मार्च को उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में कहीं-कहीं बहुत हल्की बारिश होगी। मैदानी इलाकों में बारिश होने का पूर्वानुमान नहीं है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने 22 मार्च तक का मौसम का अलर्ट भी जारी कर दिया है।

कल 18 मार्च (बुधवार) को राज्य के कुछ पहाड़ी जिलों में बारिश और बर्फबारी तथा सभी मैदानी जिलों में बारिश होने की संभावना है। जिन पहाड़ी जिलों में बारिश होगी उनमें उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, अल्मोड़ा, बागेश्वर और पिथौरागढ़ शामिल हैं। इन्हीं जिलों में 3300 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फ गिरेगी।

19 मार्च यानी गुरुवार के मौसम का पूर्वानुमान भी घोषित कर दिया गया है। इस दिन राज्य के सभी जिलों में बारिश होगी। पर्वतीय जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होगी तो 3300 मीटर और इनसे ऊंचे स्थानों पर बर्फ गिरेगी। सभी मैदानी जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान जारी किया गया है।

शुक्रवार 20 मार्च को भी बारिश का यही पैटर्न रहेगा। यानी सभी जिलों में बारिश होगी। पहाड़ी जिलों में 3300 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फ गिरेगी। मैदानी जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा का पूर्वानुमान जारी किया गया है।

21 मार्च शनिवार को भी पूरे राज्य में बारिश का माहौल रहेगा। पर्वतीय जिलों में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होगी। इस दिन भी 3300 मीटर और इससे ऊंचे स्थानों पर बर्फबारी होगी। मैदानी जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होगी। इस दौरान बादल गरजेंगे तो बिजली भी चमकेगी। इसलिए सावधान रहने की जरूरत है।

रविवार 22 मार्च को भी बारिश का यही पैटर्न रहेगा यानी पूरे राज्य में बारिश होगी तो पहाड़ी जिलों में 3300 मीटर और इससे ऊंचे स्थानों पर बर्फ गिरेगी। मौसम विभाग ने बताया है कि पिछले 24 घंटे के दौरान उत्तराखंड के मैदानी जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी नीचे से लेकर सामान्य से अधिक तक रहे। पर्वतीय जिलों में यहां सामान्य से काफी नीचे रहे। इसके साथ ही मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है।

## 20 को गौरैया दिवस

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** गौरैया संरक्षण में जुटे पक्षी परिवार की ओर से 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। दुर्गापुरी स्थित एक बारातघर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आम जन को गौरैया संरक्षण पर जानकारी दी जायेगी। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक दिनेश कुकरेती ने दी।

# अपना कार्यकाल याद करें कांग्रेस - मनवीर

**देहरादून ( चिंगारी )।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष को लेकर कांग्रेस का ट्रैक रिकार्ड जगजाहिर है और उसे दो कार्यकाल मे जनता ने इसी वजह से सबक सिखाया था। कांग्रेस को पुराने कार्यकाल को याद करने की जरूरत है।

चौहान ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि पहली निर्वाचित कांग्रेस सरकार मे राज्य से बाहर दूसरे प्रदेश मे भी राहत कोष बंटा और जमकर सरकारी धन की बंदरबांट हुई। यही कारण रहा कि आखिकार जनता ने कांग्रेस को विदा कर दिया। उन्होंने कहा कि 2012 मे कांग्रेस सरकार आई तो सिलसिला नही रुका। सीएम के अलावा तत्कालीन विस अध्यक्ष ने अपनी विस क्षेत्र मे करोड़ो रुपये अपने चहेतों को बांट दिये। लेकिन तब जनता ने ऐसा सबक कांग्रेस को सिखाया कि वह अस्तित्व की तलाश मे जूझ रही है। अब भाजपा को विवेकाधीन कोष के मामले मे कांग्रेस मिथ्या आरोपों के जरिये घेरने की कोशिश कर रही है।

### तेल की कमी और अव्यवस्था पर भ्रम फैला रही कांग्रेस

चौहान ने कहा कि कांग्रेस एलपीजी गैस आपूर्ति को लेकर आम जनता के बीच भय का वातावरण उत्पन्न करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में एलपीजी गैस को लेकर किसी प्रकार का संकट नहीं है। केंद्र सरकार ने पिछले वर्षों में गैस आपूर्ति और वितरण व्यवस्था को मजबूत किया है। आम जन को गैस मुहैया कराने के अलावा प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से करोड़ों गरीब परिवारों को रसोई गैस का लाभ मिला है और आज देश के दूरस्थ गांवों तक गैस की सुविधा पहुंची है।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश मे धामी सरकार पारदर्शिता से कार्य कर रही है, लेकिन कांग्रेस के आरोप और नसीहत हास्यास्पद हैं। पूरे विश्व मे खाड़ी संकट के कारण तेल की कमी और महंगे दाम पर उपलब्धता है। लेकिन भारत मे अभी इस पर कोई असर नही है। जनता कांग्रेस के झूठे आरोपों के जाल मे नही आने वाली है।




सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद

**शहज़ाद अहमद**

जिला महासचिव बिजनौर

( आजाद समाज पार्टी कां. )

पूर्व चेयरमैन, झालू न.पा. ( बिजनौर )

सम्भावित प्रत्याशी 22-विधानसभा, बिजनौर

सत्ताइसवां रोजा : मंगलवार, 17 मार्च 2026

इफ्तार सुन्नी- 6:30, शिया 6:39

अट्ठाइसवां रोजा : बुधवार, 18 मार्च 2026

खत्म सहरी : सुन्नी- 5:00, शिया-4:53



शहजाद अहमद


# नशा तस्करों के विरूद्ध दून पुलिस की कार्यवाही

### 5.98 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड के विजन को साकार करने के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा सभी अधीनस्थों को अपने-अपने क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी/बिक्री में लिप्त अभियुक्तों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है, जिसके अनुपालन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में दून पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाते हुए ऐसे अभियुक्तों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। इसी क्रम में चैकिंग के दौरान टिमली धर्मवाला क्षेत्र से एक अभियुक्त को 5.98 ग्राम अवैध हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली सहसपुर में अभियोग पंजीकृत किया गया।



अभियुक्त मोहसिन पुत्र यामीन निवासी खुशहालपुर थाना सहसपुर देहरादून से पूछताछ के दौरान पूर्व में भी जेल जाना प्रकाश में आया है।

# श्यामपुर पुलिस ने गोकशी के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**श्यामपुर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशन में जनपद में अपराधियों के धर पकड हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली श्यामपुर के दिशा निर्देशन में गठित टीम द्वारा कोतवाली श्यामपुर पर पंजीकृत मुकदमा उत्तराखण्ड गौवंश संरक्षण अधिनियम में वांछित नाजिम पुत्र मौ. शमीम व मेहरूद्दीन पुत्र मुस्तकीम निवासीगण ग्राम पूरनपुर गढ़ी थाना नजीबाबाद (जिला बिजनौर) को उ.नि. नवीन चौहान अउनि रविन्द्र गौड़, कां. राहुल देव, विनित कुमार, सुनील कुमार, सन्दीप सिंह पुण्डीर ने चेकिंग के दौरान चिड़ियापुर निर्माणाधीन पुल के अण्डरपास से बाइक संख्या- यूपी20 सीएम8455 सहित गिरफ्तार कर थाना श्यामपुर लाया गया। पुलिस पूछताछ में दोनों ने 5 मार्च की शाम को लाहड़पुर वन डिपो के पास जंगल में अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर गोकशी की बात कबूल की है। श्यामपुर कोतवाली के कोतवाल मनोहर सिंह भंडारी ने बताया गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।


रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।

संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**

सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**

**आर. एन. आई. नं. 2417/57**

**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**

E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# 'चोर' बंदरों से राष्ट्रपति मुर्मू का चश्मा बचाने का जुगाड़

**मथुरा ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में मथुरा के वृंदावन में बंदरों की शरारतें लंबे समय से स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं, लेकिन इस बार मामला कुछ अलग है। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए प्रशासन के सामने इन 'चश्मा चोर' बंदरों से निपटना बड़ी चुनौती बन गया है। वृंदावन के बाजारों और मंदिरों के आसपास सक्रिय बंदर खासतौर पर चश्मा

## वृंदावन में लगेंगे लंगूरों के कटआउट



पहनने वाले लोगों को निशाना बनाते हैं, वे झपट्टा मारकर चश्मा छीन लेते हैं और फिर उसे लौटाने के बदले खाने-पीने की चीजें, खासकर फ्रूटी जैसे पैकेट की मांग करते हैं। यह अनोखी सी डील यहां आम बात बन चुकी है। राष्ट्रपति के 19 मार्च से शुरू हो रहे तीन दिवसीय दौरे के मद्देनजर सुरक्षा एजेंसियां किसी भी तरह की असुविधा से बचना चाहती हैं। कार्यक्रम के तहत राष्ट्रपति वृंदावन के प्रमुख स्थलों- उड़िया बाबा आश्रम, रामकृष्ण मिशन सेवा चैरिटेबल अस्पताल का दौरा करेंगी और 21मार्च को गोवर्धन की परिक्रमा भी प्रस्तावित है। ऐसे में बंदरों की हरकतों पर नियंत्रण जरूरी हो गया है। पहले ऐसे मौकों पर बंदरों को भगाने के लिए प्रशिक्षित लंगूरों को तैनात किया जाता था, लेकिन अब वन्यजीव संरक्षण कानूनों के तहत ऐसा करना संभव नहीं है। इसी वजह से इस बार प्रशासन ने एक नया तरीका अपनाया है- लंगूरों के कटआउट। माना जाता है कि बंदर लंगूरों से डरते हैं, इसलिए उनके जैसे दिखने वाले कटआउट लगाकर उन्हें दूर रखने की कोशिश की जा रही है।


महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज
मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

बिकाऊ है
तीन दुकानें 10X33 फीट फर्स्ट फ्लोर, एक हॉल 20X30 फीट एवं 400 वर्ग गज प्लॉट, नेहरु स्टेडियम के सामने, पार्वती निवास, चैतन्य कॉम्पलैक्स में बिकाऊ है।
सम्पर्क करें-
6395709896, 9412714583

आवश्यकता है
हल्दौर में एक प्रतिष्ठित फर्म के लिए कुशल हेल्पर और कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है।
योग्य व्यक्ति तुरंत संपर्क करें।
मो- 8191819148

बिजनौर जनपद में
एक मात्र CEAT TYRE STOP
कोई भी रोड, कोई भी लोड
ट्रैक्टर, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर
लेटेस्ट मशीन द्वारा एक्यूरेसी
कार के लिये अलाईनमेन्ट, बैलेंसिंग
टायर फिटिंग एवं नाइट्रोजन





ON-THE-SPOT CLAIM RESOLUTION
UNCONDITIONAL WARRANTY *
COMPUTERISED TYRE SERVICE
Authorised Dealer : CEAT Ltd.
*नियम व शर्तें लागू
KHANNA MOTORS & DIESEL ENGINEERING WORKS
नगीना रोड, ऐश्वर्य होटल के सामने जी.के. मार्केट, बिजनौर
मो. 9149075426, 9760110452 फोन. 01342-263312
किराये हेतु एक हॉल लगभग 1600 वर्ग फीट
निकट इंडियन बैंक किरतपुर रोड, बिजनौर
800 वर्ग फीट का एक हॉल नगीना रोड, बिजनौर

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"



योजना की प्रमुख विशेषताएें:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रों को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928